हिन्दी दैनिक

# राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

जमशेदपुर, रविवार 9 फरवरी 2025

नगर संस्करण
वर्षः 01,अंकः268

RNI No. : JHAHIN - 01092

मूल्य : दो रुपए

जमशेदपुर से प्रकाशित

rashtrasamvad.com

**सुविचार**

लक्ष्य आपका है तो मेहनत आपको ही करनी होगी कोई और क्यों आपकी मदद करेगा ।

# दिल्ली विधानसभा में 27 साल बाद भाजपा को मिला स्पष्ट बहुमत

● वर्ष 2020 के चुनाव के मुकाबले आम आदमी पार्टी को 40 सीटों का हुआ घाटा



## कुल 70 में से 47 पर भाजपा विजयी, एक पर आगे, आआपा को मिलीं 22 सीटें

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को करारी शिकस्त देते हुए 47 सीटें जीती हैं और एक पर आगे चल रही है। वहीं आम आदमी पार्टी के खाते में 22 सीटें आई हैं। दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा की 69 सीटों के नतीजे घोषित हो गए हैं। सिर्फ विकासपुरी सीट के नतीजे अभी नहीं आए हैं।

विकासपुरी सीट पर भाजपा उम्मीदवार पंकज कुमार सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी आम आदमी पार्टी के महिंदर यादव से 12,876 मतों से आगे हैं। इस सीट पर अभी तक 28 राउंड की मतगणना हो चुकी है और अंतिम 29वें राउंड की मतगणना चल रही है। चुनावी नतीजों से स्पष्ट है कि भाजपा ने दिल्ली में अपने 27 साल का वनवास खत्म कर दिया है।भाजपा को मतगणना में 45.66 प्रतिशत, आम आदमी पार्टी को 43.55 प्रतिशत और कांग्रेस को 6.35 प्रतिशत मत मिले हैं। दिल्ली विधानसभा की कुल 70 सीटों में से 68 पर भाजपा ने अपने उम्मीदवार उतारे थे, जबकि दो सीटें अपने सहयोगी दलों के लिए छोड़ी थीं। भाजपा-नीत राजग के घटक दल जदयू ने बुराड़ी सीट से शैलेन्द्र कुमार और लोजपा (रामविलास) ने देवली सीट से दीपक तंवर को मैदान में उतारा था, लेकिन दोनों उम्मीदवार चुनाव हार गए।

## मोदी ने यमुना मैया की जय का नारा लगाया

### कहा- इसे दिल्ली की पहचान बनाएंगे ;आप की हार से अन्ना हजारे को पीड़ा से मुक्ति मिली



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद पीएम मोदी ने भाजपा हेडक्कॉर्टर में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत यमुना मैया की जय के नारे के साथ की।

उन्होंने कहा- आज दिल्ली में दिल्ली के लोगों में एक उत्साह भी है और सुकून भी है। उत्साह विजय का है, सुकून दिल्ली को आप-दा से मुक्त कराने का है। आपने दिल खोलकर प्यार दिया। मैं दिल्लीवालों को नमन करता हूं।

**दिल्लीवालों को नमनः** आज दिल्ली में, दिल्ली के लोगों में एक उत्साह भी है और सुकून भी है। उत्साह विजय का है, सुकून दिल्ली को आ-पदा से मुक्त कराने का है। मैं दिल्ली के हर परिवारजन को मोदी की गारंटी पर भरोसा करने के लिए सिर झुकाकर नमन करता हूं।

**केजरीवाल पर तंजः** दिल्ली को मालिक होने का जिन्हें घमंड था, उनका सच से सामना हो भी गया है। दिल्ली के जनादेश से स्पष्ट है कि राजनीति में शॉर्ट कट के लिए, झूठ और फरेब के लिए कोई जगह नहीं है। जनता ने शॉर्ट कट वाली राजनीति का शॉर्ट सर्किट कर दिया है।

**अन्ना हजारे को सहानुभूतिः** आप-दा वाले यह कहकर राजनीति में आए थे कि राजनीति बदल डालेंगे, लेकिन ये कट्टर बेईमान निकले। श्रीमान अन्ना हजारे का बयान सुन रहा था। वे काफी समय से इन आप-दा वालों के कुकर्मों की पीड़ा झेल रहे थे। आज उन्हें भी उस पीड़ा से मुक्ति मिली होगी।

## दिल्ली की जनता ने बदलाव का जो फैसला लिया है, वह ऐतिहासिक है :रघुवर दास पूर्व मुख्यमंत्री



**राष्ट्र संवाद संवाददाता ।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर दिल्ली की जनता को बधाई देते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने बदलाव का जो फैसला लिया है, वह ऐतिहासिक है। यह न केवल दिल्ली बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है कि जनता विकास और सुशासन चाहती है, न कि भ्रष्टाचार और अहंकार की राजनीति। उन्होंने कहा कि दिल्ली की देवतुल्य जनता ने झूठ, फरेब, भ्रष्टाचार, नाटक और अहंकार की राजनीति को नकारते हुए विकास और विश्वास की राजनीति पर मुहर लगा दी है।

## दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा आप सरकार के कुशासन का हुआ अंत



**राष्ट्र संवाद संवाददाता ,जमशेदपुर।** राजधानी दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार के कुशासन और भ्रष्टाचार पर पूर्ण विराम लगा दिया है। दिल्ली में भाजपा की शानदार विजय पर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने हर्ष जताते हुए कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर जनता के मजबूत विश्वास और भरोसे को दर्शाती है।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों पर कांग्रेस बोली, जनादेश स्वीकार है

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार खाता खोलने में विफल रही कांग्रेस पार्टी ने जनादेश को स्वीकार करते हुए कहा कि वह दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर और अन्य विकास के मुद्दों को तत्परता के साथ उठाती रहेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आज शाम यहां जारी बयान में कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने जनहित में सत्ता के ख़िलाफ़ माहौल बनाया परन्तु जनता ने हमें उम्मीद के अनुरूप जनादेश नहीं दिया। हम जनमत को स्वीकारते हैं।

## भाजपा दिल्ली के लोगों को दिलाए प्रदूषण से मुक्तिः झामुमो



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भटटाचार्य ने कहा कि दिल्ली में भाजपा को जीत मिली है तो पार्टी दिल्लीवासियों को यमुना नदी के आसपास के इलाके में फैले प्रदूषण से मुक्ति दिलाए। उन्होंने कहा कि 1998 में जब दिल्ली में पहली बार भाजपा सत्ता में आई थी तो इस राज्य को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की बात कही थी, लेकिन इस वादे को पूरा नहीं कर सकी। सुप्रियो शनिवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल?ली में चुनाव के नतीजे उस समय ही साफ हो गए थे जब भाजपा ने वहां की चुनी हुई सरकार के सभी अधिकार लेकर एलजी को दे दिया था।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने महाकुंभ में सपरिवार किया पवित्र स्नान



**राष्ट्र संवाद संवाददाता ,जमशेदपुर।** प्रयागराज महाकुंभ का पावन संगम तट श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति की भव्यता को साकार कर रहा है। लाखों श्रद्धालुओं के साथ झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी शनिवार को अपनी धर्मपत्नी रुक्मिणी देवी, पुत्र ललित दास एवं पुत्रवधू सह जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू के साथ माँ गंगा, माँ यमुना और माँ सरस्वती के त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस दिव्य अवसर पर उन्होंने विधि-विधान से पूजन-अर्चना कर देश, समाज और जनकल्याण की कामना की। इस दौरान रघुवर दास ने उत्तर प्रदेश के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता से भी मुलाकात की और योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा कुंभ मेले की उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और भक्ति का दिव्य पर्व है, जो संपूर्ण विश्व को सनातन परंपराओं की गरिमा का साक्षी बनाता है। चारों ओर हर-हर गंगे, जय गंगे माता के जयघोष गूंज रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय है जो काफी सुखद है।

# झारखंड में कृषि और पशुपालन को बढ़ावा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की योजनाओं की घोषणा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड सरकार मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह दे रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। यह राशि महिला किसानों को गाय पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, शूकर पालन और फूलों की खेती जैसी गतिविधियों से अपनी आय बढ़ाने में सहायक होगी।

वे शनिवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू), रांची में आयोजित तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला-2025 के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की 80त्न आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और कृषि उनके जीवनयापन का मुख्य साधन है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय राज्य में किसानों के उत्थान के लिए



अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी से डिग्री प्राप्त कर कई छात्र देश और दुनिया में आज किसानों को बेहतर मार्गदर्शन दे रहे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड पठारी क्षेत्र में बसा हुआ राज्य है। बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी एवं राज्य सरकार एक बेहतर समन्वय बनाते हुए किसानों को बेहतर दिशा देने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में परंपरागत व्यवस्थाओं के साथ-साथ कृषि-खेती कार्य को आधुनिक तकनीक से भी जोड़ने की आवश्यकता है। कभी-कभी बदलते मौसम के कारण किसान वर्ग हतोत्साहित होते जाते हैं, तकनीक के माध्यम से ही उन्हें इन समस्याओं से बचाया जा सकता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य में खेती करने योग्य जमीन की कमी है, राज्य में खेती योग्य भूमि को बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार अब कई जगहों पर पाइप लाइन के जरिए खेतों तक पानी पहुंचा रही है। राज्य सरकार लिफ्ट इरीगेशन की दिशा में आगे बढ़ रही है।मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कृषि के क्षेत्र में सकारात्मक विकास के लिए बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी एवं राज्य सरकार को साथ चलकर कार्य करने की जरूरत है। कृषि क्षेत्र के विकास के लिए एक बेहतर और मजबूत कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सभी जिलों में किसान पाठशाला स्थापित की जाएगी, जहां किसान भाई बंधु खेती की आधुनिक तकनीक, पशुपालन, मछली पालन सहित अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों की जानकारी एवं प्रशिक्षण लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि झारखंड के किसान वर्गों के लोगों को एक लाख से अधिक कुआं निर्माण योजना का लाभ मिलेगा। नदी तालाब तथा कुआं सिंचाई के पारंपरिक साधन है। बोरिंग कभी-कभी फेल भी हो जाता है, इसलिए राज्य सरकार के जरिये कुआं निर्माण योजना लाई जा रही है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं अन्य अतिथियों ने बिरसा कृषि मार्गदर्शीका-2025 पुस्तक का विमोचन किया । मौके पर मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने एग्रोटेक किसान मेला में लगे स्टॉल का परिभ्रमण कर उद्देश्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण हॉल एवं वन औषधि द्रव्य प्रदर्शनी दीर्घा का शिलान्यास किया।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा : संजय सेठ

### झारखंड दर्शन को आए युवाओं के साथ रक्षा राज्य मंत्री ने किया संवाद

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** अंतर राज्य छात्र जीवन दर्शन (राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा-2025) के तहत पूर्वोत्तर भारत के युवाओं का दल झारखंड भ्रमण पर है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम के तहत छात्रों ने झारखंड की संस्कृति, यहां की समृद्ध विरासत और जल, जंगल, जमीन के प्रति हमारे प्रेम को देखा। शनिवार को ऐसे युवाओं से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संवाद किया। झारखंड के संदर्भ में उनके अनुभवों को सुना। मौके पर



सेठ ने कहा कि यह कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। संपूर्ण भारतवर्ष एक परिवार है, और आप सब उसके ब्रांड एंबेसडर हो। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत का जो लक्ष्य भारत ने लिया है, इसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आप सबके कंधे पर है। आपकी ऊर्जा, आपका परिश्रम, आपका समर्पण; हमें विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने में सबसे अधिक संबल प्रदान करेगा।

## मां महबूबा के साथ मुझे भी नजरबंद कर दिया गया है

### इल्तिजा मुफ्ती बोलीं-चुनाव के बाद भी कुछ नहीं बदला



**श्रीनगर ,एजेंसी।** पीडीपी नेता और पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती की बेटी ने दावा किया है कि उनकी मां को कई घंटों के लिए नजरबंद कर दिया गया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि महबूबा मुफ्ती आर्मी की फायरिंग में मारे गए ट्रक ड्राइवर के परिवार से मिलने जाना चाहती थीं। उन्होंने कहा, मुझे और मेरी मां दोनों को घर में नजरबंद कर दिया गया। हमारे गेट लॉक कर दिए गए। हम सोपोर के वसीम मीर के परिवार से मिलना चाहते थे। इसके अलावा कठुआ में माखन दीन के परिवार से भी मिलने की कोशिश थी।

## यूक्रेन के 26 ट्रिलियन डॉलर के दुर्लभ खजाने को हड़पने की रेस!

### डोनाल्ड ट्रंप ने जेलेंस्की को दिया ऑफर,70 फीसदी हिस्से पर रूस का कब्जा

**वॉशिंगटन/कीव ,एजेंसी।** यूक्रेन के खिलाफ रूस का जंग इस महीने चौथे साल में प्रवेश करने वाला है। 3 सालों तक चली इस लड़ाई में रूस ने यूक्रेन की जमीन में मौजूद करीब 26 ट्रिलियन डॉलर के दुर्लभ खनिज संपदा के 70% हिस्से पर कब्जा कर लिया है। जिसने युद्ध के इस माहौल में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के हाथों में एक ब्रह्मास्त्र दे दिया है। ऐसे में डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन के दुर्लभ खजाने को सुरक्षित करने के लिए एक ऐसे समझौते पर जोर दे रहे हैं, ताकि कीव को रूस के खिलाफ अपनी लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए लगातार अमेरिकी मदद मिलती रहे। यूक्रेन के राष्टपति वलोडिमीर जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्टपति ट्रंप के प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रक्रिया दी है। अमेरिकी राष्टपति ने यूक्रेन को दी जाने वाली 300 अरब डॉलर की मदद का हवाला देते हुए समानता की जरूरत पर जोर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि यूक्रेन के पास दुर्लभ खनिज संपदा है और हम एक ऐसा सौदा करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें यूक्रेन को वह सब मिले जो हम उन्हें उनके दुर्लभ पृथ्वी और अन्य चीजों के साथ दे रहे हैं। हालांकि ट्रंप ने फिलहाल ये खुलासा नहीं किया है कि बदले में अमेरिका को क्या चाहिए। ट्रंप ने कहा है, कि ÷हम उस हास्यास्पद युद्ध को रोकने जा रहे हैं। ट्रंप के इस बयान के बाद जेलेंस्की ने सहयोगियों के निवेश के लिए खुलापन होने के संकेत दिए हैं, ताकि रूस के खिलाफ उसकी लड़ाई मजबूती से जारी रहे।



ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2025

## कर्नाटक को बड़े निवेश की उम्मीद, समारोह में राजनाथ सिंह समेत कई नेता होंगे शामिल

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कर्नाटक में 11 फरवरी से शुरू होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2025 की तैयारी लगभग-लगभग पूरी हो चुकी है। निवेश के क्षेत्र में राज्य के लिए खास माने जाने वाले इस सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ-साथ देश के कई बड़े नेता के शामिल होने की उम्मीद जताई जा रही है।बता दें कि यह शिखर सम्मेलन 12-14 फरवरी 2025 तक चलेगा, और इसका उद्घाटन 11 फरवरी को होगा। इसका उद्देश्य कर्नाटक को एक वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करना है। इस दौरान, राज्य में उद्योगों में साझेदारी को बढ़ावा देने और नवाचार पर जोर दिया जाएगा।

**कर्नाटक को बड़े निवेश की उम्मीद :**मामले में जानकारी देते हुए कर्नाटक के मंत्री एमबी पाटिल ने कहा कि कर्नाटक में शुरू होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2025 में कई केंद्रीय मंत्री भाग लेंगे, जिनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



और कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि इस शिखर सम्मेलन से कर्नाटक में बड़े निवेश की उम्मीद है, जिसमें 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश होने की संभावना है।

**उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे ये नेता :**साथ ही पाटिल ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, प्रहलाद जोशी और एचडी कुमारस्वामी जैसे नेता उद्घाटन सत्र और शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, प्रहलाद जोशी और एचडी कुमारस्वामी ने अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, जबकि राहुल गांधी सिंगल विंडो पोर्टल का उद्घाटन करेंगे।



# मीडिया कप 2025 : बिस्टुपुर बेमिसाल ने फाइनल में दिखाया कमाल, मानगो मनमौजी को शिकस्त देकर बना चैंपियन

**- जिले के एसएसपी किशोर कौशल ने ट्रॉफी देकर टीम को किया पुरस्कृत.**
**- दिल तो बच्चा है, बच्चा ही रहने दे : एसएसपी**







**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर द्वारा आयोजित मीडिया कप 2025 के आखरी दिन यानि शनिवार को आयोजित फाइनल मैच मे बिस्टुपुर बेमिसाल बनाम मानगो मनमौजी के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया. जहां बिस्टुपुर बेमिसाल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए बिस्टुपुर बेमिसाल की टीम ने कुल 10 ओवर मे बिना विकेट गवाकर कुल 137 रन बनाये, वहीं जवाबी पारी खेलते हुए मानगो मनमौजी की टीम ने जवाबी पारी खेलते हुए 3 विकेट खोकर 10 ओवर में 77 रन ही बना पाई . इस तरह बिस्टुपुर की टीम ने लीग के फाइनल मैच में जीत हासिल कर ली.

बिस्टुपुर बेमिसाल के तरफ से प्रशांत कुमार ने सर्वाधिक 106 रनों की पारी खेली. वहीं मानगो मनमौजी के कप्तान वृन्दावन ने सर्वाधिक 27 रनों की पारी खेली. विजेता, उपविजेता टीम को एसएसपी किशोर कौशल, विशिष्ट अतिथि आरकेएफएफ के सीपीओ शक्ति सेनापति, ब्रह्मानंद हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर ए धर्मा राव, प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया.

**दिल तो बच्चा है, बच्चा ही रहने दे : एसएसपी**

दिल तो बच्चा है, इसलिए इसे बच्चा ही रहने देना है, तब ही जीवन में आनंद रहेगा. यह बातें जिला के एसएसपी किशोर कौशल ने प्रेस क्लब की ओर से आयोजित मीडिया कप क्रिकेट टूनार्मेंट 2025 के फाइनल मैच और पुरस्कार वितरण के दौरान बतौर मुख्य अतिथि बोले. उन्होंने इस बात की सराहना की कि इस टूनार्मेंट में हर उम्र के लोग एक साथ क्रिकेट खेलते हैं. इससे आपसी सम्बन्ध तो बेहतर होता ही है साथ ही शरीर हमारा फिट रहता है. एसएसपी ने प्रेस क्लब की ओर से आयोजित इस आयोजन प्रशंसा की. धन्यवाद ज्ञापन महासचिव विकास श्रीवास्तव ने दिया.

मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव भारद्वाज, पूर्व अध्यक्ष ब्रजेश सिंह,कौशल सिंह, बी श्रीनिवास, महासचिव विकास श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सुमित झा, उपाध्यक्ष राकेश सिंह, कोषाध्यक्ष गंगाधर पाण्डेय उर्फ मनमन, सह सचिव अमित तिवारी, वेद प्रकाश गुप्ता, जितेंद्र कुमार, रघुवंशमणि सिंह, देवेंद्र सिंह, श्याम झा, राजेश सिंह, अभिषेक समेत कई सदस्य उपस्थित रहे.

**इन खिलाड़ियों को मिला प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कार**

मैन ऑफ दि टूनार्मेंट – प्रशांत कुमार
बेस्ट कैच – प्रियरंजन
बेस्ट फिल्डर – मनप्रीत सिंह
बेस्ट बॉलर – वृन्दावन महतो
बेस्ट बैट्समैन – प्रशांत सिंह राजपूत

**मैन ऑफ दि मैच**

- विकास कुमार (जिला पुलिस टीम)
- संतोष कुमार (जमशेदपुर बार एसोसिएशन)
- डॉ एरोन (डॉक्टर टीम)
- प्रशांत सिंह राजपूत (बिस्टुपुर बेमिसाल)
- प्रशांत कुमार (बिस्टुपुर बेमिसाल)
- शैलेन्द्र कुमार (मानगो मनमौजी)
- बलजीत संसोआ (टेल्को टशन)
- चन्दन कुमार (बिस्टुपुर बेमिसाल)
- वृन्दावन महतो (मानगो मनमौजी)
- प्रशांत सिंह राजपूत (बिस्टुपुर बेमिसाल)

## संक्षिप्त खबरें

### मनरेगा सप्ताह के समापन के अवसर पर धानभाषा में विधायक ने किया शिरकत



**राष्ट्र संवाद सं**

रानीश्वर दुमका
शनिवार के अपराह्न में मनरेगा सप्ताह के समापन के अवसर पर विधायक अलोक सोरेन ने शिरकत किया हैं ।प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने विधायक को मनरेगा सप्ताह के संबध में विस्तृत जानकारी दिया हैं ।

विभागीय निदेश अनुसार यहां 3फरबरी से 8फरबरी तक मनरेगा सप्ताह का आयोजन प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर हुई हैं । साथ ही मनरेगा को लेकर लोगों को जागरूक किया गया हैं ।समापन समारोह में सहायक अभियंता, कनीय अभियंता ,मुखिया ,पंचायत सचिव , रोजगार सेवक मौजूद थे ।विधायक ने धान भाषा मे नव निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का फीता काट कर उद्धाटन किया हैं ।

### करमाटांड़ प्रखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा तीन पंचायत कमेटी का पुनर्गठन

**झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं की उपस्थिति में करमाटांड़ में कमेटी का पुनर्गठन**

**सद्दाम हुसैन**
**संवाददाता/जामताड़ा**

जामताड़ा जिले के करमाटांड़ प्रखंड अंतर्गत तीन पंचायतों में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) द्वारा पंचायत कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर पंचायतों में नई टीमों का गठन करते हुए समाजिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से एक नया अध्याय शुरू किया गया। यह पुनर्गठन कार्यक्रम सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें पंचायतों के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष की नियुक्तियां की गईं। मुख्य अतिथि के रूप में संयोजक मंडलीय सदस्य जमीरूद्दीन अंसारी, आनंद टुडू और युवा नेता प्रदीप मंडल की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन पंचायतों के नए पदाधिकारी निम्नलिखित हैं: नावाडीह पंचायतः अध्यक्ष - अख्तर हुसैन, सचिव - शमीम अंसारी, कोषाध्यक्ष - इकराम अंसारी, अलगचुआ पंचायतः अध्यक्ष - जाहिद अंसारी, सचिव - सन्नीराम हांसदा, कोषाध्यक्ष - गोविन्द हांसदा ताराबहाल पंचायतः अध्यक्ष - कुटू मियां, सचिव - शिबू मुर्मू, कोषाध्यक्ष - जब्बार अंसारी इस पुनर्गठन के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह कदम पार्टी की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण है और आने वाले दिनों में पार्टी का जनाधार बढ़ेगा। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया, ताकि राज्य में विकास और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर और जोर दिया जा सके। समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों ने इस बदलाव का स्वागत किया।

### मनरेगा के तहत अधिक से अधिक लोगों को मिले रोजगार - उप विकास आयुक्त

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

समाहरणालय सभागार में मनरेगा दिवस के मौके पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उप विकास आयुक्त, जामताड़ा श्री निरंजन कुमार, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी श्री संतोष कुमार एवं परियोजना पदाधिकारी मनरेगा श्रीमती पूनम के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

**मनरेगा के तहत लोग हो रहे हैं लाभान्वित**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के लागू हुए आज 19 वर्ष पूर्ण हो गये हैं और इस महत्वकांक्षी योजना से गांव में अनेक टिकाऊ परिसंपति सृजित हुए हैं। बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत किए जाने वाले वृक्षारोपण से कई किसान लाभान्वित हुए। उन्होंने



कहा कि मनरेगा का मुख्य उद्देश्य है मजदूरों को 100 दिन का रोजगार मिले। इस दिशा में हमलोगों को कार्य करने की जरूरत है। मनरेगा के तहत लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिले, इसके लिए लोगों में अवेयरनेस लाएं, ताकि जिले से पलायन को कम किया जा सके।

उन्होंने कहा कि 3 फरवरी से 8 फरवरी तक मनरेगा सप्ताह के रूप में मनाया गया। इस दौरान लोगों को बताया गया कि मनरेगा के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि ग्रामीण लोग भोले भाले एवं कम पढ़े लिखे होते हैं, ऐसे में उनलोगों को आम बोलचाल की भाषा में सरकार की संचालित योजनाओं के बारे में बताएं, उन्हें लाभ दिलवाएं।

### दिल्ली चुनाव में प्रचंड जीत की खुशी में भाजपा जिला अध्यक्ष सुमित शरण के नेतृत्व में जामताड़ा में हुई आतिशबाजी,मना जश्न

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

दिल्ली विधानसभा चुनाव एवं उत्तर प्रदेश के मिल्कीपूर विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत की खुशी में भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित शरण के नेतृत्व में भाजपा जामताड़ा द्वारा मां चंचला चौक जामताड़ा में भव्य आतिशबाजी करके विजय का जश्न मनाया !

भाजपा जिलाध्यक्ष सुमित शरण नें कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत सुशासन की जीत है ! पिछले 27 वर्षों से दिल्ली के जनता को ठगा गया है पहले लगातार 15 वर्षों तक कांग्रेस ने जनता को ठगा,उसके बाद
अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी ने जनता को ठगा तथा शोषण किया! आम आदमी पार्टी के कथनी और करनी में फर्क दिखाई देता है इसीकारण दिल्ली के जनता ने इस बार अरविंद केजरीवाल को आईना दिखाने का काम किया है !अरविंद केजरीवाल ने सिर्फ वोट के राजनीति के चक्कर में राष्ट्रवाद को भी किनारे लगा दिया और देशघाती शक्तियों के साथ भी गठबंधन कर लिया और दिल्ली के जनता को विकास से कोसों दूर रखा यही कारण है कि नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी को 27 वर्षो बाद पुनः दिल्ली के जनता नें भरोसा दिखाकर जीत दिलाया !ये जीत सिर्फ राजनितिक जीत नहीं है बल्कि ये जीत विकास की जीत है,ये जीत सुशासन की जीत है,ये जीत राष्ट्रवाद की जीत है।

## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त आंजनेयुलु द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई

**दुमका, राष्ट्र संवाद सं**

उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे द्वारा समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। समीक्षा के क्रम में दुमका जिला अंतर्गत सेविका एवं सहायिका के रिक्त पद पर जल्द से जल्द आमसभा कर चयन प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में वीएचएसएनडी, उइए,पोषण ट्रैकर की गतिविधियों से संबंधित प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को परियोजना अंतर्गत सभी सेविकाओं को पोषण ट्रैकर में ऑनलाइन एंट्री करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा डीएमएफटी अंतर्गत दिए गए सभी सामग्रियों जैसे अठउ बेड,ळु ,मोबाइल इत्यादि को सेविका द्वारा उक्त सामग्रियों का उपयोग करने का निर्देश दिया गया। सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को नई आंगनवाड़ी के लिए भूमि चिन्हित कर जल्द से जल्द प्रतिवेदन उपलब्ध करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### पद्मश्री प्रदीप्तानंद महाराज संघ के बार्षिक उत्सव में शामिल हुये




**राष्ट्र संवाद सं**

दुमका ,शुक्रवार भारत सेवाश्रम संघ के दुमका शाखा के पाथरा स्थित आश्रम में 19 वी बार्षिक महोत्सव में पद्मश्री प्रदीप्तानंद महाराज ने शिरकत किये ।मुर्शिदाबाद जिला के बेलडांगा स्थित भारत सेवाश्रम संघ के स्वामी प्रदीप्तानंद सामाजिक कार्य करने के साथ अभिबंचित बर्ग के शिक्षा की बिकास का कार्य करते हैं ।केंद्र सरकार ने उन्हें 2024 के पद्मश्री उपाधी से सम्मानित किया हैं । वह भारत सेवाश्रम संघ दुमका शाखा के संचालन समिति के साथ जुड़े हैं ।यहां ट्राइवल आप लिफ्टमैन प्रोजेक्ट के तहत संचालित अवासीय बिद्यालय एवं अस्पताल के साथ जुड़े हैं ।बार्षिक समारोह को संबोधित कर प्रदीप्तानंद महाराज ने समाज के अंतिम पंक्ति के बच्चों का शिक्षा एवं भारतीय संस्कृति पर बल दिया है ।आश्रम के स्वामी नित्यब्रता नंद महाराज एवं आश्रम परिवार उन्हें सम्मानित किया है ।

### सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

रानीश्वर दुमका । शनिवार के अपराह्न में दुमका सिउड़ी मुख्य पथ के रघुनाथपुर चौक के पास एक डंपर की चपेट में आकर 35 बर्ष के युवक सुनील मुर्मू ग्राम सिलपहाड़ी गंभीर रूप से घायल हो गया है आसपास के ग्रामीण घायल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था ।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा नदिया नंद मंडल एवं डा आजाद शेखर पंडित ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज हेतु बाहर रेफर कर दिया हैं ।स्थानीय पुलिस डंपर को जप्त कर लिया हैं ।इस घटना का पुरी जानकारी के लिए हमारे रानीश्वर प्रखंड संथाल हूल एक्सप्रेस संवाददाता ने सम्पर्क फोन पर लगातार कोई बार स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी नदियां नंद मंडल से बात करने की कोशिश किया पर प्रभारी जी ने फोन रिसीव नहीं किया ,एक पत्रकार का फोन रिसीव नहीं करते हैं तो जरूरत पड़ने पर आम आदमी के साथ किया करते हैं यह वही बता सकते है।

### सिंह वाहिनी प्लस टू विद्यालय में मासिक गुरु गोष्टी का किया गया आयोजन , दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

**राष्ट्र संवाद सं**

**कुंडहित, प्रतिनिधि।**
शनिवार को दोपहर 3 बजे मुख्यालय स्थित सिंहवाहिनी प्लस टू सभागार में मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। गुरु गोष्ठी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिलन कुमार घोष के अध्यक्षता में हुई। गुरु गोष्ठी में विद्यालय एवं छात्र विकास हित विभिन्न मुद्दों पर विस्तारित रूप से चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिलन कुमार घोष ने कहा कि विद्यालय एक ऐसा संस्था है जिसमें बच्चों का भविष्य उज्जवलमय में होता है। कहा की आप लोगों के मेहनत से विद्यालय को सुंदर एवं पढ़ने वाले बच्चे को उज्जवल भविष्य दिया जा सकता है। उन्होंने जल्द से जल्द सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी बनाने



का निर्देश दिया। उन्होंने उपस्थित सभी प्रधानाध्यापको को कहा कि आप लोगों को जितने भी निर्देश दिया जा रहे है आपको उनका शत प्रतिशत अनुपालन करना है साथ ही अपने मुल कर्तव्यों का भी पालन करना है। कहा कि सभी अध्यापक 9 बजे से पहले विद्यालय पहुंचना सुनिश्चित करें। विद्यालय पहुंचने के बाद घंटी बजना चाहिए।साथ ही विद्यालय में विषय टिफिन एवं प्रार्थना उपस्थित आधारित घंटी बजना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंगलवार वर्ग छः से लेकर आठवीं तक का छात्रों को30 मिनट का अतिरिक्त क्लास लेकर स्वास्थ्य संबंधित बाल विवाह, बाल मजदूर डायन प्रथा जैसी कुर्तियों के बारे में जानकारी देने के लिए कहा गया। साथ ही राष्ट्रीय गान का सम्मान, संविधान के बारे में जानकारी देने के लिए कहा गया। उन्होंने कहा कि वर्ग 1 से लेकर तीसरी तक छात्र-छात्राओं को एफएलएन का 90 मिनट क्लास दिलवाने के लिए कहा गया। उन्होंने विद्यालय के साफ सफाई में ध्यान देने के लिए कहा साथ ही रसोई घर मे साफ सफाई बनाए रखने का निर्देश दिया। एमडीएम के भोजन में सब्जी चावल आदि की भी साफ सफाई पर नजर बनाए रखने को कहा गया। उन्होंने कहा स्कूलों में आदर्श प्रार्थना के साथ-साथ संविधान प्रस्तावना पढ़ने के लिए कहा गया। कहा की विद्यालय में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए कहा गया और स्वास्थ्य के बारे में विद्याथीयों को जागरूक बनाने का निर्देश दिया। सप्ताह में एक दिन योगा करने के लिए कहा गया। उन्होंने विद्यार्थियों का गुड हैंडराइटिंग के हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कहा गया। वही एमआईएस अजय कुमार के द्वारा जे गुरु जी एप बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई ।मौके पर प्रखंड के अधिकतर विद्यालयो के सचिव सह प्रभारी प्रधानाध्यापकगण उपस्थित थे।

### विधानसभा सत्र को नहीं चलने दिए जाने की नई परिपाटी शुरू हई है जो किसी भी स्थिति में लोकतंत्र के लिए सही नहीं है:विधानसभाध्यक्ष

अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रबीन्द्रनाथ महतो में एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के द्वारा आयोजित सम्मेलन में आज शामिल हुए। राष्ट्रीय विधायक सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से भाग लेने वाले माननीय सदस्यों के दूसरे सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विधायिका का कार्य कानून बनाना है, परंतु विधेयकों पर कम चर्चा होना चिंताजनक है। विधानसभा सत्र को नहीं चल नहीं दिए जाने की नई परिपाटी शुरू हई है जो किसी भी स्थिति में लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। हमें इन विषयों पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है। माननीय अध्यक्ष इस सम्मेलन में 14वां नेशनल कॉन्क्लेव भारतीय छात्र संसद की



उद्घघाटन समारोह में भी भाग लिया ।
झारखंड विधानसभा के माननीय सदस्य जो इस कार्यशाला में भाग ले रहे है विभिन्न समितियों के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों से आए माननीय सदस्यों के साथ ,राज्य के विभिन्न योजनाएँ जो उनके राज्यों में फलीभूत हो रहे हैं तथा विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा किए।

### कोविड वैक्सीन और हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों की जांच जरूरी : डॉ. इरफान अंसारी

**भारतीय छात्र संसद में डॉ. इरफान अंसारी ने न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर्स और युवाओं में बढ़ते हार्ट अटैक पर जताई चिंता**

पुणे में आयोजित 14वीं भारतीय छात्र संसद में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन से छात्र-छात्राओं और अन्य गणमान्य लोगों का दिल जीत लिया। अपने संवादात्मक और प्रभावशाली वक्तव्य के दौरान उन्होंने न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर्स जैसे जटिल विषय पर विस्तृत चर्चा की और इसे बेहद सरल भाषा में समझाकर युवाओं को जागरूक किया। मंत्री जी ने विशेष रूप से युवाओं में बढ़ती हृदय संबंधी समस्याओं पर चिंता व्यक्त की।



उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में युवा वर्ग में हार्ट अटैक के मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। इस पर गहराई से मंथन करने की जरूरत है, क्योंकि कई विशेषज्ञ इस वृद्धि का कारण कोविड-19 के दौरान ली गई वैक्सीन के संभावित साइड इफेक्ट्स को मान रहे हैं। उन्होंने इस विषय पर विस्तृत शोध और जांच की आवश्यकता पर जोर दिया।

### दिल्ली आपदा मुक्तः जनसमर्थन और भाजपा की नीतियों की जीतः ढुल्लू महतो

**धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने दिल्लीवासियों और भाजपा कार्यकताओं को दी बधाई, चुनाव प्रचार में निभाई थी अहम भूमिका**

**राष्ट्र संवाद संवाददाता , ओम प्रकाश शर्मा ,**
धनबाद। नई दिल्ली दिल्ली के आपदा मुक्त होने पर धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने दिल्लीवासियों, भाजपा कार्यकताओं और नेतृत्व को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा



कि यह विजय जनता की प्रतिबद्धता, भाजपा की सशक्त नीतियों और सुशासन की जीत है।

सांसद ढुल्लू महतो ने अपने संदेश में लिखा, दिल्लीवासियों का अपार जनसमर्थन और भाजपा कार्यकताओं की निष्ठा ने स्वच्छ, सशक्त और सुशासनयुक्त राजधानी के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है। यह परिवर्तन जनता की आशाओं और भाजपा की पारदर्शी नीतियों का परिणाम है। दिल्ली में चुनाव प्रचार और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात सांसद ढुल्लू महतो ने यह भी याद दिलाया कि दिल्ली चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने स्वयं भी मैदान में उतरकर भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में कई सभाओं को संबोधित किया था। उनके प्रचार अभियान और जनता से संवाद का सकारात्मक प्रभाव पड़ा, जिसका परिणाम अब सबके सामने है।

**रामराज मंदिर महायज्ञ का निमंत्रण सौंपाः** इस अवसर पर सांसद ढुल्लू महतो ने धनबाद में स्थित रामराज मंदिर में चल रहे महायज्ञ का निमंत्रण पत्र भी गृह मंत्री अमित शाह को सौंपा और उन्हें महायज्ञ में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि इस महायज्ञ में भारी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे और इसका धार्मिक एवं सामाजिक महत्व बहुत व्यापक है।

## मैट्रिक की परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए 62 केंद्र, इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 39 केंद्र

**दुमका, राष्ट्र संवाद सं**

उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के सफल संचालन और विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।
उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी स्थिति में कदाचार की सूचना नहीं मिलनी



चाहिए। औचक निरीक्षण के दौरान अगर कदाचार करते परीक्षार्थी पाये गये तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा परीक्षा के लिये प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निदेशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएं।
उपायुक्त द्वारा केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों में ससमय प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने हेतु सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया।

प्रथम पाली में माध्यमिक व द्वितीय पाली में होगी इंटरमीडिएट परीक्षा।
माध्यमिक परीक्षा-2025 की परीक्षा 9.45 बजे पूर्वाहन से 1.00 बजे अपराह्न तक होगी और इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य)-2025 की परीक्षा 2.00 बजे अपराह्न से 5.15 बजे अपराह्न तक आयोजित होगी। ज्ञातव्य हो कि माध्यमिक परीक्षा-2025 दिनांक 11.02.2025 से 03.03.2025 तक आयोजित होगी। वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) -2025 दिनांक 11.02.2025 से 03.03.2025 तक आयोजित होगी। इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा-2025 के लिए दुमका जिला में कुल 62 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, जिसमें कुल 14888 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए कुल 39 परीक्षा केंद्र बनाये गये है, जिसमें कुल 11043 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

बैठक में अपर समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकताओं में उत्साह और हर्ष का माहौल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा दिल्ली में आप दा का जनता ने किया खात्मा, विकास और विश्वास के नए युग का हुआ आरंभ

**जमशेदपुर।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने प्रचंड जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है। 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में दमदार वापसी कर भाजपा ने यह साबित कर दिया कि जनता अब झूठे वादों, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को नकार चुकी है। इस ऐतिहासिक जीत पर पूरे देशभर में भाजपा कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। वहीं, जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकताओं में भी इस जीत पर जश्न और उत्साह का माहौल है। भाजपा जमशेदपुर






महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने इसे दिल्ली की जनता की जीत करार देते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने आपदा (अअढ-दा) से मुक्ति पा ली है। 10 साल तक अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार ने जनता को गुमराह कर भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी और अराजकता का माहौल बनाया था, लेकिन इस बार जनता ने विकास और सुशासन को चुना है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत सभी कार्यकताओं को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की दुर्गति इस बात का प्रमाण है कि देश अब इस भ्रष्ट और दिशाहीन पार्टी से पूरी तरह मुक्त होना चाहता है। 70 में से 68 सीटों पर कांग्रेस की जमानत जब्त होना और लगातार लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जीरो की डबल हैट्रिक लगाना यह दशार्ता है कि जनता अब इस पार्टी को पूरी तरह नकार दिया है।

सुधांशु ओझा ने आम आदमी पार्टी




और अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने अब समझ लिया है कि केजरीवाल सिर्फ झूठे वादे, झूठ और मुफ्तखोरी की राजनीति करते रहे। उनका 'फ्री रेवड़ी' मॉडल दिल्ली को गर्त में ले गया। स्कूल, अस्पताल और बिजली-पानी के नाम पर सिर्फ घोटाले हुए, और अब जनता ने इसका करारा जवाब दिया है। उन्होंने आगे कहा कि जिस व्यक्ति ने खुद को ईमानदारी का मसीहा बताया था, वही भ्रष्टाचार के मामलों में जेल के दरवाजे तक पहुंच गया। केजरीवाल सरकार का सच जनता के सामने आ चुका है और दिल्ली की जनता ने उन्हें नकार कर यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि देश मे अब विकास और राष्ट्रवाद की राजनीति ही चलेगी।

**विकास और विश्वास के नए युग का हुआ आरंभः प्रेम झा**

भाजपा जमशेदपुर महानगर मीडिया प्रभारी प्रेम झा ने दिल्ली की शानदार जीत को विकास और विश्वास के नए युग का आरंभ बताते हुए कहा कि दिल्ली की जनता अब सुशासन, पारदर्शिता और विकास चाहती है। दिल्ली की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार इस भरोसे पर पूरी तरह खरा उतरेगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को साकार करेगी। उन्होंने कहा कि यह जीत सिर्फ चुनावी जीत नहीं, बल्कि जनता की इच्छाओं का प्रतिबिंब है। दिल्ली ने अब अरविंद केजरीवाल के खोखले वादे, झूठ और नाटकबाजी से पीछा छुड़ाकर सच्चे नेतृत्व को चुना है। भाजपा की यह जीत जनता की जीत है, कार्यकताओं की मेहनत का फल है।

# गुड़ाबांदा के मछभंडार इलाके में रंगदारी और फायरिंग मामले में चार बदमाश गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर के गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के मछभंडार इलाके में रंगदारी और फायरिंग मामले में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है. इन बदमाशों ने गुड़ाबांदा और धालभूमगढ़ इलाके में व्यवसायियों से रंगदारी की मांग की थी. शनिवार को एसएसपी किशोर कौशल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में गुरु चरण कर्मकार उर्फ पुटकू कर्मकार, जीवन कर्मकार उर्फ लादु कर्मकार, सोकेन कर्मकार और काशीनाथ कर्मकार शामिल हैं. गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गुरु चरण कर्मकार का आपराधिक इतिहास रहा है. उसके खिलाफ गुड़ाबांदा थाने में हत्या का मामला दर्ज है. पुलिस ने आरोपियों के पास से एक पिस्टल दो कारतूस, दो मैगजीन, रंगदारी मांगने में इस्तेमाल मोबाइल फोन घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और चार




अन्य मोबाइल बरामद किए हैं. एसएसपी ने बताया कि 27 जनवरी को गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के मुड़ाठाकुरा गांव में इन बदमाशों ने एक व्यवसायी के घर और होटल पर जाकर फायरिंग की थी और रंगदारी की मांग की थी. हालांकि, इन्हें रंगदारी नहीं मिली, लेकिन वे वसूली के प्रयास में लगातार सक्रिय थे. इसके बाद ये बदमाश माछभंडार में किसी अन्य घटना को अंजाम देने के लिए जुटे थे. पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर इनकी गिरफ्तारी की गई. पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि ये बदमाश गुड़ाबांदा, श्याम सुंदरपुर, धालभूमगढ़ और मुसाबनी इलाके में रंगदारी वसूलने के लिए अपना गिरोह बनाने की कोशिश कर रहे थे. इसके लिए वे लगातार अपराध कर रहे थे. ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग की कोशिशों से पुलिस ने इन बदमाशों को गिरफ्तार किया. फिलहाल पुलिस यह पता लगा रही है कि अब तक इन बदमाशों ने कितनी रंगदारी वसूली है और क्या किसी ने इन्हें पैसे दिए हैं. पुलिस के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में अपराध को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है. इन बदमाशों की गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है.

# जमशेदपुर पुलिस को फायरिंग मामले में मिली बड़ी सफलता,सोहराब उर्फ लाल बाबू गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना क्षेत्र के भालूबासा इलाके में पिछले साल 15 दिसंबर को हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. मालूम हो कि तड़ीपार अपराधी सलमान खान के घर पर फायरिंग की गई थी. इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी सोहराब उर्फ लाल बाबू को गिरफ्तार किया है. सोहराब आजाद नगर थाना क्षेत्र के ओल्ड पुरुलिया रोड नंबर 18 के पास स्थित मैरिज हॉल के समीप का रहने वाला है. एसएसपी किशोर कौशल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि सोहराब की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी. टीम ने बिहार और उत्तर प्रदेश के कई शहरों में छापेमारी की. अंततः मुखबिर की सूचना पर जमशेदपुर से उसे गिरफ्तार किया गया. सोहराब के पास से पुलिस ने एक



देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं. गिरफ्तारी के बाद सोहराब को एमजीएम अस्पताल में मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया. इसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है. पूछताछ में सोहराब ने खुलासा किया कि वह मानगो के कुख्यात डाबर गिरोह का सदस्य था.

डाबर की हत्या के बाद वह गिरोह को फिर से संगठित करने की कोशिश कर रहा था. सोहराब ने पुलिस को बताया कि वह डाबर गिरोह के पुराने सदस्यों को एकजुट कर अपना नेटवर्क तैयार कर रहा था. उसने बताया कि नेशनल हाईवे पर काली मंदिर और पारडीह बस्ती के बीच स्थित पुल के नीचे उसने पिस्तौल छुपा रखी थी, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है.

डीएसपी भोला प्रसाद ने बताया कि इस मामले में एक और अपराधी सादिक खान उर्फ कुबड़ा को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है. जांच के दौरान यह सामने आया कि कदमा में सलमान खान ने एक मारपीट की घटना को अंजाम दिया था. इसी घटना का बदला लेने के लिए उसके घर पर फायरिंग की गई थी.

# टैंक रोड जंक्शन पर 350 एमएम का वॉल्ब लगाने का निर्देश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### पेयजल परियोजना की खामियां धीरे-धीरे सामने आ रही है:सरयू राय

**जमशेदपुर।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, आदित्यपुर के कार्यपालक अभियंता सुमित कुमार ने मेसर्स जेमिनी इंटरप्राइजेज को पत्र लिख कर मानगो शहरी जलापूर्ति योजना पुनर्गठन कार्य (चरण-2, पार्ट-बी) के अंतर्गत टैंक रोड जंक्शन पर 350 एमएम व्यास का वॉल्ब लगाने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि इस संबंध में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक द्वारा गठित जनसुविधा समिति ने भी आपत्ति दर्ज कराई थी



और कहा था कि अधिकांश घरों में पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है। पत्र में कार्यपालक अभियंता ने लिखा है कि इसी साल 27 जनवरी को जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने पृथ्वी पार्क स्थित 24 लाख लीटर क्षमता वाले जलमीनार का लोकार्पण किया था। इस जलमीनार के माध्यम से पोस्ट ऑफिस रोड, चटाई कॉलोनी, गुरुद्वारा रोड आदि क्षेत्रों में जलापूर्ति की व्यवस्था की गई है। परीक्षण में यह प्रकाश में आया कि कई क्षेत्रों में जलापूर्ति अपर्याप्त हो रही है। तकनीकी निरीक्षण में यह पाया गया कि टैंक रोड जंक्शन पर स्थित वितरण प्रणाली से जल उलीडीह क्षेत्र की तरफ प्रवाहित हो रहा है, जो टैंक रोड के उच्च भाग में स्थित है।

पत्र में कार्यपालक अभियंता ने लिखा कि आप (मेसर्स जेमिनी इंटरप्राइजेज) बिना देर किये हुए टैंक रोड जंक्शन पर 350 एमएम व्यास का वॉल्ब लगाएं ताकि लक्षित क्षेत्रों में बिना देरी के जलापूर्ति की जा सके।

इधर, जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने एक बयान में कहा कि जैसे-जैसे हम लोग निरीक्षण कर रहे हैं, वैसे-वैसे मानगो पेयजल परियोजना की खामियां सामने आ रही हैं। यह अब पता चलने लगा है कि बीते पांच सालों में इस पेयजल परियोजना को किस कदर उपेक्षित रखा गया। जिन लोगों के लिए यह परियोजना शुरू की गई थी, उन्हें पेयजल मिल ही नहीं रहा। जाहिर है, इस परियोजना को लेकर किसी ने रुचि नहीं दिखाई अन्यथा आज जो समस्याएं सामने हैं, वह न होती। श्री राय ने कहा कि आने वाले दिनों में कई अहम मुद्दे हैं, जिनका समाधान करने के लिए वह स्थानीय प्रशासन से बात करेंगे। जरूरत पड़ी तो वह दबाव भी बनाएंगे।

# लायंस क्लब ने प्राथमिक विद्यालय में आयोजित की कई खेल प्रतियोगिता, बच्चे हुए पुरस्कृत



राष्ट्र संवाद संवाददाता

लायंस क्लब ऑफ जमशेदपुर के द्वारा शनिवार को प्राथमिक विद्यालय, नंदनगर भुईयाडीह में खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। कुल 50 बच्चों ने खेल प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें की 10 बच्चे विजेता हुए। सभी इंडोर गेम्स करवाई गई

वही क्लब के अध्यक्ष उमेंदु गुप्ता ने बताया की समय समय पर क्लब के द्वारा इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिससे बच्चों में पॉजिटिव सोच और ज्ञान की जागरूकता और बड़े। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य प्रवेज अशरफ, अरुण, करनदीप सिंह, अभिषेक यादव, पुष्पलता, यशराज उपस्थित रहे।

# क्रीड़ा भारती द्वारा प्रांत स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### कार्यक्रम के माध्यम से ट्राइबल क्षेत्र के बच्चे, बच्चियों के प्रतिभा को निखारना उद्देश्य:शिव शंकर सिंह

**जमशेदपुर,** क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन टीनप्लेट स्थित स्टेडियम में किया गया। इस दो दिवसीय प्रांत स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन डीबीएमएस के अध्यक्ष बी. चंद्रशेखरन के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीबीएमएस के चेयरपर्सन बी चंद्रशेखरन, टाटा स्टील के यूनियन अध्यक्ष टुन्नू चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष सुधांशु ओझा, गोलमुरी थाना प्रभारी राजन कुमार, अन्य कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में कल 28 टीम में भाग ले रही हैं। जो कि झारखंड के अलग-अलग प्रति से जैसे सरायकेला ,खूंटी, रांची ,धनबाद, बोकारो, घाटशिला, चाईबासा, जामताड़ा, गोड्डा,चांडिल अन्य कई जिलों से



भी खिलाड़ी प्रतियोगिता खेलने हेतु पहुंचे हैं। क्रीड़ा भारती के जमशेदपुर अध्यक्ष एवं समाजसेवी शिव शंकर सिंह ने बताया कि क्रीड़ा भारती इस राष्ट्रीय खेल को बढ़ावा देने हेतु ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करती रहती है। कबड्डी हमारा राष्ट्रीय खेल है। इस प्रतियोगिता में लड़के एवं लड़कियां सभी अलग-अलग समूह में भाग ले रहे हैं। शिव शंकर सिंह ने बताया कि क्रीड़ा भारती का मानना है की ट्राइबल क्षेत्र के बच्चे, बच्चियों को जिला स्तरीय प्लेटफार्म देने से उनकी प्रतिभा को और निखारा जा सकता है और राष्ट्रीय स्तर पर वह बालक,बालिकाएं नाम कर सकते हैं।

आज के इस दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में लगभग 400 बच्चों ने भाग लिया है। कल कार्यक्रम के अंतिम दिन विजेता टीम को पुरस्कृत किया जाएगा।

# वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद राय के निधन पर भाजपा में शोक की लहर

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### जमशेदपुर महानगर ने रद्द किए सारे कार्यक्रम, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवं जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने जताया गहरा शोक

### रविवार को जिला कार्यालय पर लाया जाएगा पार्थिव शरीर

**जमशेदपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी के स्थापना के पश्चात वर्ष 1980 में कोल्हान के जिला संयोजक एवं सिंहभूम के जिला महामंत्री रहे सच्चिदानंद राय का शनिवार को निधन हो गया। वे 82 वर्ष के थे। पिछले कुछ दिनों से टाटा मोटर्स अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। वे हमेशा पार्टी के विस्तार और विचारधारा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय रहे। गुरुवार को उनके निधन की जानकारी मिलने पर भाजपा में शोक की लहर दौड़ गयी। एक ओर उनके निधन पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत कई नेताओं ने



गहरा शोक जताया है। वहीं, उनके निधन पर भाजपा जमशेदपुर महानगर ने दिल्ली में पार्टी की प्रचंड जीत पर जिले में जश्न मनाने के सभी कार्यक्रम को रद्द कर दिया है। इससे पहले, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बारीडीह विजया गार्डन स्थित उनके आवास जाकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया और निधन पर शोक व्यक्त किया। रविवार को सुबह 10:30 बजे सच्चिदानंद राय के पार्थिव शरीर को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय लाया जाएगा। जहां भाजपा कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम विदाई देंगे।

सच्चिदानंद राय के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जनसंघ काल के नेता और संगठन मजबूती में अहम योगदान देने वाले सच्चिदानंद राय का निधन संगठन एवं सामाजिक स्तर पर अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्रवाद, संगठन और समाजसेवा को समर्पित कर दिया। उनकी निष्ठा, विचारधारा और संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और संबल दें। रघुवर दास ने कहा कि सच्चिदानंद राय जी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा, उनकी कमी संगठन और समाज को हमेशा महसूस होगी।

वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सच्चिदानंद राय के निधन पर शोक जताते हुए कहा कि सच्चिदानंद राय जी का जाना संगठन और समाज के लिए बड़ी क्षति है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन जनसेवा और विचारधारा के प्रचार-प्रसार में समर्पित कर दिया। उनकी सादगी, संघर्ष और संगठन क्षमता हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और शोक संतप्त परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य प्रदान करें।

भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने सच्चिदानंद राय के निधन को बड़ी क्षति बताते हुए कहा कि सच्चिदानंद राय का जाना न केवल भाजपा बल्कि पूरे समाज के लिए एक बड़ी क्षति है। वे एक कुशल संगठनकर्ता, संघर्षशील और कर्मठ नेता थे। जिन्होंने संगठन विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन समाज और संगठन के प्रति समर्पण का उदाहरण है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें और परिवार को यह दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

वहीं, भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता सह वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश शुक्ला ने भी सच्चिदानंद राय के निधन पर शोक व्यक्त जताया है। उन्होंने कहा कि वे संगठन की नींव के मजबूत स्तंभ थे, जिन्होंने अपने परिश्रम और त्याग से पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका जीवन हमें सेवा, संघर्ष और समर्पण की सीख देता रहेगा।

## सार-संक्षेप

### दिल्ली चुनाव की जीत देश की दिशा और दशा को बदलेगी, जनता का आभार - अमरप्रीत सिंह काले

राष्ट्र संवाद संवाददाता



दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी, विकासोन्मुखी और सुशासन की नीति पर जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण हैं। यह ऐतिहासिक जीत स्पष्ट करती है कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इन चुनावों में जनता ने झूठे वादों, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को पूरी तरह से नकार दिया है। यह परिणाम दशार्ता है कि जनता अब विकास, पारदर्शिता और सुशासन चाहती है, न कि भ्रामक प्रचार और खोखले वादों पर आधारित राजनीति।

भाजपा के समर्पित कार्यकताओं और संगठन की मजबूत रणनीति ने इस जीत को संभव बनाया है। मैं प्रदेश भाजपा नेतृत्व, केंद्रीय नेतृत्व, सभी कार्यकताओं और दिल्ली की जागरूक जनता का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ। यह जीत केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि नए भारत की दिशा तय करने वाला एक ऐतिहासिक निर्णय है। भारतीय जनता पार्टी अपनी जनसेवा की प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए जनता के विश्वास पर पूरी निष्ठा से खरा उतरेगी।

### दिल्ली विधान सभा चुनाव में दिल्ली की जनता ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया: राजेश शुक्ल

राष्ट्र संवाद संवाददाता



प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य के वरीय अधिवक्ता श्री राजेश कुमार शुक्ल ने दिल्ली विधान सभा चुनाव में भाजपा को मिले प्रचंड बहुमत पर खुशी जाहिर किया है और कहा है कि दिल्ली की जनता ने दिल्ली विधान सभा चुनाव में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में विश्वास किया है और उनकी नीतियों और योजनाओं के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए उनकी गारंटी पर मुहर लगाई है

श्री शुक्ल जो प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता रह चुके है और प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य है ने कहा है कि मजबूत इच्छा शक्ति के साथ लोंगो को एक निश्चित दिशा देने वाली सरकार देने का काम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 11बर्षों मे किया ह्ल श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सर्व स्पर्शी विकास और सर्व समावेशी विकास का काम किया जिससे दिल्ली की जनता ने भी सुशासन और विकास के लिए भाजपा को सत्ता सौपा है श्री शुक्ल ने इसके लिए दिल्ली की जनता, भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री श्री अमित शाह, और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा को बधाई दिया है

### दिल्ली में झूठ और बेईमानी की हुई हार- काली शर्मा

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा महानगर कोषाध्यक्ष कृष्णा शर्मा (काली शर्मा) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी की शानदार जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के झूठ और बेईमानी की हार है। 26 साल बाद दिल्ली की जनता ने एक बार फिर भाजपा को सराकर बनाने का अवसर देकर यह दिखा दिया कि आप झूठे वादे करके लंबे समय तक राज्य पर शासन नहीं कर सकते। काली शर्मा ने आगे कहा कि यह आप और केजरीवाल द्वारा दिल्ली को दयनीय स्थिति में पहुंचाने का नतीजा है। उन्होंने कहा कि यह पंजाब के सभी आप नेताओं के लिए एक ह्यसबकह्य है। पिछले तीन सालों में उन्होंने पंजाब के साथ जो किया है, उसकी स्थिति आज दिल्ली में हुई स्थिति से भी बदतर होगी।

### दिल्ली मे विगत दस वर्षो से झूठ और लूट की सरकार से जनता को मुक्ति मिली: प्रमोद मिश्रा

राष्ट्र संवाद संवाददाता



दिल्ली विधानसभा मे भारतीय जनता पार्टी की हुई प्रचंड जीत पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए बारीडीह मंडल के मिडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने कहा कि दिल्ली मे विगत दस वर्षो से झूठ और लूट की सरकार से जनता को मुक्ति मिली अव भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है।दिल्ली की जनता ने सर्वांगीण विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत दिया है साथ ही आम आदमी पार्टी को सत्ता से बेदखल कर यह बता दिया कि जनता को धोखे मे रखकर नकारात्मक राजनीति करने बाले आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येन्द्र जैन, सौरभ भारद्वाज सहित तमाम बरे नेता अपनी सिट नही बचा सके।

दिल्ली की जनता-जनार्दन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उपर पूरी आस्था जताते हुए आपदा बाली सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिल्ली मे विकास के लिए मार्ग प्रशस्त कर दिया दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी को वहां की जनता ने लगातार तीसरी बार खाता भी नही खुलने दिया। इस जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जी अमित शाह जी के साथ साथ राष्ट्रीय नेतृत्व को हार्दिक बधाई एवं दिल्ली की देवतुल्य जनता-जनार्दन को हृदय से धन्यवाद

### भारतीय प्रवासियों के अन्यायपूर्ण निर्वासन के खिलाफ गोलमुरी प्रखण्ड कांग्रेस ने प्रदर्शन कर विरोध जताया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** : अमेरिकी सरकार द्वारा भारतीय प्रवासियों के अन्यायपूर्ण निर्वासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन गोलमुरी प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी के प्रखण्ड अध्यक्ष अतुल गुप्ता के नेतृत्व में गोलमुरी मार्केट क्षेत्र में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि अमेरिकी सरकार ने भारतीय प्रवासियों को क्रूरतापूर्ण तरीके से अपमानित करते हुए। हवाई जहाज में हथकड़ी लगाकर मानवता के आचरण के खिलाफ में अपने कृत्य का प्रदर्शन किया। इस आचरण से भारतियों के सम्मान को ठेस पहुँचा है। अमेरिकी सैन्य विमान में प्रवासियों को जबरन हथकड़ी लगाकर वापस भेजे जाने पर घोर रोष व्यक्त किया। देश का अपमान नही सहेंगे। भारत का एक-एक नागरिक भारत का स्वाभिमान है।इस अमानवीय घटनाक्रम में मोदी सरकार के कृत्य ने गैरजिम्मेदाराना हरकत कर पराकाष्ठा पार कर दिया है कि जब प्रवासित भारतीय को भारत के विमानतल पर उतारा गया, तो उन्हें कैदी वाहन में लेजाया गया। आज मोदी सरकार के गलत विदेश नीति के कारण प्रवासित भारतियों का बड़ा अपमान हुआ है।प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, अतुल गुप्ता, प्रदेश सचिव खगेनचन्द्र महतो, रविन्द्र मौर्या, सुखदेव सिंह मल्ली, जसवंत सिंह जस्सी, गुरदीप सिंह, रविंद्र मौर्या, अरूण कुमार सिंह, रजनीश सिंह, विनोद यादव, अखिलेश यादव, कुमार गौरव, हरिहर प्रसाद, राहुल गोस्वामी, राजेश कुमार टेल्को प्रखण्ड अध्यक्ष, अरुण बारीक, कुलदीप सिंह, जसवीर सिंह, ओमप्रकाश यादव, निखिल कुमार, सचिन कुमार सिंह शामिल हुए।

## संपादक की कलम से

# आर्थिक दृष्टिकोण से भी खास है 'महाकुंभ'

देवानंद सिंह




महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन होता है, जो भारत की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर नई पहचान तो देता ही है, बल्कि आर्थिक दृष्टिकोण से भी यह भारत के लिए अत्यंत खास होता है। इसका कारण है, 12 साल बाद आने वाले इस मेले को लेकर केवल श्रद्धालुओं, संत-महात्माओं और साधुओं में ही उत्सुकता नहीं रहती है, बल्कि प्रयागराज की पवित्र धरती बड़ी संख्या में पर्यटकों को भी अपनी तरफ खींच लाती है। पर्यटक महाकुंभ में पवित्र स्नान के लिए तो आते ही है, बल्कि वो दूसरे अन्य पर्यटन डेस्टीनेशन पर भी अवश्य जाते हैं, जाहिर सी बात है, यह देश के आर्थिक दृष्टिकोण से भी किसी वरदान से कम नहीं होता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार का लक्ष्य एक ट्रिलियन इकोनॉमी बनने का है और केंद्र सरकार का लक्ष्य देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनाने का है। यह कहना बिल्कुल भी गलत नहीं होगा कि महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन तो है ही, लेकिन एक व्यापारिक मेले के रूप में भी यह अपनी एक अलग पहचान कायम करता है। इस बार के महाकुंभ में 45 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद है, जो अपने-आप में एक बड़ी संख्या होती है। 2013 में, जब पिछला पूर्ण कुंभ हुआ था, तब 20 करोड़ लोग स्नान और दर्शन के लिए आए थे, जबकि 2019 में आयोजित हुए अर्द्ध कुंभ के समय यह संख्या बढ़कर 25 करोड़ हो गई थी, इस बार अगर इस संख्या के 45 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है तो यह भारत के सांस्कृतिक और आर्थिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण समय कहा जाएगा।

13 जनवरी से शुरू हुए दुनिया के इस सबसे बड़े धार्मिक आयोजन में लगभग 34 करोड़ से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी में डुबकी लगा चुके हैं। इस कुंभ को 26 फरवरी महाशिवरात्रि के पवित्र दिवस तक चलना है, इसीलिए अभी काफी दिनों का समय बचा हुआ है। ऐसे में, इस बात की पूरी संभावना है कि 45 करोड़ लोगों के आने की जो उम्?मीद की गई है, वह पूरी होगी, इसमें कोई संदेह नजर नहीं आता है।

अगर, इसको कारोबार के नजरिए से देखें तो महाकुंभ में आने वाले 45 करोड़ लोगों में से प्रत्येक श्रद्धालु औसतन 5 से 10 हजार रुपए भी खर्च करता है तो यह तय है कि 4 से 4.5 लाख करोड़ रुपए तक का व्यवसाय होगा, जो प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ी ताकत देगा। विदेशों से आने वाले लोगों को लेकर इस बात की भी पूरी संभावना रहती है कि अगर, वो त्रिवेणी में पवित्र स्नान करने आते हैं, तो निश्चित रूप से वो देश के दूसरे हिस्सों का भी भ्रमण करेंगे, जो यह महाकुंभ के आर्थिक दृष्टिकोण का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है।

महाकुंभ से देश की जीडीपी में 1 प्रतिशत की वृद्धि होने का जो अनुमान लगाया गया है, आकड़े इस बात की प्रमाणिकता को दर्शा रहे हैं, जिससे देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की इकोनॉमी एक ट्रिलियन और भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनेगा, इस दिशा में महाकुंभ का योगदान निश्चित रूप से महत्वपूर्ण होने वाला है। 2023-24 में भारत की जीडीपी 295.36 लाख करोड़ रुपए थी। ऐसा अनुमान लगाया गया है कि 2024-25 में जीडीपी बढ़कर 324.11 लाख करोड़ तक पहुंच जाएगी। अगर, देश की इकोनॉमी को इतनी ग्रोथ मिलने की उम्मीद लगाई गई है तो महाकुंभ की भूमिका जगजाहिर रहेगी, इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को नई ताकत तो मिलेगी ही, बल्कि समाज के आर्थिक ढांचे को भी मजबूती मिलेगी।

महाकुंभ रोजगार प्रदत्ता के रूप में भी अभूतपूर्व योगदान देता है, क्योंकि इसमें लोगों को न केवल खुद के काम को बढ़ाने का अद्भुत अवसर मिलता है, बल्कि हॉस्पीटिलिटी, ट्रांसपोर्ट से लेकर अन्य तमाम क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होते हैं, इसीलिए महाकुंभ इस कालखंड का सर्वोत्तम आयोजन है। यह पुनीत अवसर कई वर्षों बाद आता है, जो हमारी कला और संस्कृति के साथ ही आर्थिक दृष्टिकोण से भी देश को समृद्ध और सशक्त बनाने का काम करता है। ऐसे में, अगर अपनी अभूतपूर्व सांस्कृतिक संपन्नता से भरपूर देश में ऐसा पुण्य अवसर आया है तो यह सरकार के विरासत भी और विकास भी के विजन को पंख देने वाला सबसे सुनहरा अवसर है।

भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है, लेकिन यह सफलता की ऊंचाई पर तभी पहुंचेगा, जब देश आर्थिक मोर्चे पर सुदृढ़ होगा, क्योंकि आर्थिक समृद्धि ही देश के इंफ्रास्ट्रक्चर की यात्रा को गति देने के साथ ही मजबूती भी प्रदान करेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती देश की आर्थिक प्रगति का सबसे बड़ा वाहक होता है, क्योंकि इससे दूसरे तरह के उद्योगों के साथ ही पर्यटन उद्योग को भी बूम मिलता है। महाकुंभ के बहाने अगर, खासकर विदेशों से आने वाले लोग प्रदेश व अन्य राज्यों में सैर-सपाटे के लिए भी जा रहे हैं तो निश्चित रूप से यह अच?छा संकेत है कि भारतीय पर्यटन उद्योग को भी अच्छा-खासा बूस्ट मिल रहा है। यह भविष्य के लिए भी, इस बात को ध्यान रखने का समय है कि हमें अपने पर्यटन उद्योग को हल्के में लेने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है, बल्कि पर्यटन उद्योग को और मजबूत करने की दिशा में काम करना है। नए-नए पर्यटन डेस्टीनेशन बनाए जाने की जरूरत है और जो डेस्टीनेशन पहले से हैं, उनको भी आधुनिक स्वरूप देने की जरूरत है।

यह अच्छी बात है कि पिछले 10 वर्षों में इस दिशा में सरकार ने अच्छा काम किया है, देश के पर्यटन उद्योग की विकासगाथा को नई सोच के साथ विकसित करने के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं, जो आर्थिक दृष्टिकोण से बेहद जरूरी थे, क्योंकि भारत सांस्कृतिक और पर्यटन के नजरिए से दुनिया भर के लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करने की भरपूर क्षमता रखता है, इसीलिए इस बात की बहुत आवश्यकता थी कि पर्यटन स्थलों को नए तरीके से विकसित किया जाए, क्योंकि इससे यह फायदा होगा कि जो पर्यटक एक बार भी भारत आए, वह हर बार भारत आने के लिए प्रेरित हो सके।

ऐसा होने की स्थिति में पर्यटकों की संख्या में निरंतरता बनी रहेगी, जो आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छे दूरगामी परिणाम तय करेगी और यही स्थिति 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने की परिकल्पना को भी साकार करेगी।



# दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी

ललित गर्ग



दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए न केवल 27 साल के वनवास को खत्म करने में कामयाब हुई है बल्कि देश की राजधानी को एक नया विश्वास, नया जोश एवं गुड गर्वनेंस का भरोसा दिलाने को तत्पर हो रही है। निश्चित ही चुनाव मोदी के नाम पर लड़े गये और दिल्ली की जनता ने मोदी पर भरोसा जताया है। एक बार फिर मोदी का जादू चला एवं उनके करिश्माई राजनीतिक व्यक्तित्व ने नया इतिहास रचा है। दिल्ली में भाजपा ने जीत की नई इबारत लिखी है। दिल्ली में 11 साल के बाद डबल इंजन की सरकार बनने से दिल्ली की बुनियादी समस्याओं का हल होते हुए दिख रहा है, बल्कि दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखे जाने की शुभ शुरूआत हो रही है। अब दिल्ली में न केवल वायु प्रदूषण दूर होगा, बल्कि यमुना नदी का प्रदूषण दूर करते हुए उसका कायाकल्प किया जायेगा। चुनाव परिणामों में आम आदमी पार्टी चुनाव को जिस तरह की हार का सामना करना पड़ा है उससे आप सिर्फ सत्ता से ही बेदखल नहीं हो रही बल्कि आप एवं केजरीवाल के राजनीतिक जीवन पर भी ग्रहण लगता हुआ दिखाई दे रही है। कांग्रेस के लिये भी अपनी राजनीतिक जमीन बचाने एवं सत्ता में वापसी का सपना बूरी तरह पस्त हो गया है।

दिल्ली की लगभग सभी सीटों पर मतदाताओं ने सुशासन, भ्रष्टाचार मुक्ति, विकास एवं मुक्त की सुविधाओं के नाम पर वोट डाले हैं। दिल्ली में मुस्लिम बहुल इलाके हों, गांधी नगर जैसे कारोबारी क्षेत्र हों या फिर पूर्वी दिल्ली का पटपड़गंज हो, या मुस्तफाबाद जैसे पिछडे. इलाके सभी जगहों पर आप को करारा झटका लगा है। हिन्दुत्व की ताकत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक एवं भाजपा की सुनियोजित चुनाव रणनीति ने भाजपा को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी-शाह की जोड़ी ने करिश्मा कर दिखाया है। आप एवं कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की हार ने तय किया कि राजनीति में राजशाही सोच, अहंकार एवं बड़बोलापन कामयाब नहीं है। दिल्ली के विकास मॉडल को पूरे देश में केजरीवाल सर्वश्रेष्ठ बताते रहे हैं, उसी दिल्ली की दुर्दशा, उससे जुड़े झूठे बयानों एवं तथ्यों के कारण आप हारी है।. इस तरह केजरीवाल की राजनीति पर मतदाताओं ने सवालिया निशाने लगा दिये हैं। केजरीवाल के लिये इन चुनाव परिणाम के बाद संकट के पहाड़ खड़े होने वाले है।

जिस अन्ना आंदोलन से अरविंद केजरीवाल का नाम पूरे देश में सामने आया। केजरीवाल ने उन्हीं अन्ना को नकार दिया था। दिल्ली चुनाव के रुझानों पर अन्ना हजारे ने कहा कि मैं बार-बार बताता गया, लेकिन उनके दिमाग में नहीं आया और वे शराब को ले आए। शराब यानी धन-दौलत से वास्ता हो गया। अन्ना ने कहा कि चुनाव लड़ते समय उम्मीदवार को आचार शुद्ध होना, विचार शुद्ध होना, जीवन निष्कलंक और त्याग होना जरूरी है। अगर ये गुण उम्मीदवार में हैं तो मतदाताओं को उन पर विश्वास होता है। लेकिन केजरीवाल एवं आप के उम्मीदवारों में ये गुण दूर-दूर तक दिखाई नहीं देते हैं, यही आप की करारी हार का कारण बना है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल की परिस्थितियों में बड़ी समानता रही हैं, पर हेमंत की तरह केजरीवाल दिल्ली की जनता का दिल जीतने में नाकामयाब रहे। दिल्ली में आप की हार केजरीवाल के लिए एक बड़ा व्यक्तिगत झटका है, जिससे राजनीति में उनके भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दिल्ली का असर पंजाब की सियासत पर भी पड़ेगा। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी के विस्तार को लेकर अरविंद केजरीवाल की योजना धुंधली पड़ जायेगी। इंडिया गठबंधन के जो दल कांग्रेस के बजाय आम आदमी पार्टी के साथ खड़े थे, वो फिर से दूरी बनाते नजर आएंगे।



इन चुनाव परिणामों ने कांग्रेस को भी आइना दिखा दिया है। उसने जिस तरह से भारत की ह्यसर्वजन हिताय सर्वजन सुखायह्न की भावना को दबाया, सनातन परंपरा को दबाया एवं मोदी विरोध के नाम पर देश-विरोध पर उतर आयी, यही मूल्यहीन राजनीति उसकी हार का कारण बनी। अनेक वर्षों तक दिल्ली पर राज करने वाली कांग्रेस सत्ता में वापस आने के लिए इतनी बेचैन दिखाई दी कि वो हर दिन नफरत, द्वेष एवं घृणा की राजनीति करती रही है। कांग्रेस सांप्रदायिकता और जातिवाद के विष को दिल्ली चुनाव में भी उडेला। हिंदू समाज को तोड़ना और उसे अपनी जीत का फॉमूर्ला बनाना ही कांग्रेस की राजनीति का आधार बना और यही उसको रसातल में ले जाने का बड़ा कारण बना है। कांग्रेस की जातिगत जणगणना की मांग भी उसकी विभाजनकारी नीति को ही दशार्ती रही है, जो उसके हार को सुनिश्चित करने का बड़ा कारण बना। एक राष्ट्रीय दल, सबसे पुराना दल, पांच दशकों तक देश पर शासन करने एवं दिल्ली में लगातार तीन बार सत्ता में रहने वाले दल को एक-दो सीटों पर ही उसकी जीत होना उसकी हास्यास्पद एवं लगातार कमजोर होने की स्थितियों को ही दर्शा रहा है।

दिल्ली में कांग्रेस के तेवरों से साफ है कि मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने में नाकामी के बाद उसने शायद अपने पुनरुत्थान के लिये दिल्ली के चुनाव को आधार बना लिया था, इसमें कोई बुराई नहीं, पर यह काम आसान नहीं रहा, कांग्रेस के सपने टूट कर बिखर गये। कांग्रेस की दिल्ली में दुर्दशा ने लगभग तय कर दिया है कि मतदाता की नजरों में उसकी क्या अहमियत है? कांग्रेस ने न केवल खुद को बल्कि इंडिया गठबंधन को भी जर्जर बना दिया है। यह एक पुरानी कहावत है कि देश जैसी सरकार के योग्य होता है, वैसी ही सरकार उसे प्राप्त होती है ह्न दिल्ली में भी ऐसी ही सरकार बनने जा रही है, जो दिल्ली के हितों को प्राथमिकता देगी। दिल्ली में बीजेपी की जीत हुई, वह अधिक मजबूत होकर उभरी है, मोदी एवं भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। इसका असर बिहार के चुनाव में भी सकारात्मक होता हुआ दिख रहा है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है और ऐसा दिल्ली में होता हुआ दिखा है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति, विभाजनकारी राजनीति एवं सनातन-विरोधी स्वर ने आप एवं कांग्रेस को औंधे मुंह गिरा दिया है, इस गिरावट से उभरने की संभावनाएं भी दोनों दलों के लिये एक बड़ी चुनौती है।

दिल्ली के चुनाव एक महायुद्ध था, जो कितने ही मुद्दों को अपने में समेटे हुए रहा। यह अनेक नेताओं एवं दलों के अस्तित्व को बचाने का भी महासंग्राम था। चुनाव में जब सेवा-सुशासन का मूल उद्देश्य गायब हो जाता है, केवल दलगत स्वार्थ और सत्ता प्राप्ति की होड़ मुख्य हो जाती है तब दिल्ली जैसे अप्रत्याशित परिणाम ही सामने आते हैं। राजनीति में केजरीवाली प्रवृत्ति एक नई संस्कृति का स्थान लेती रही है, जिसने हमारे सभी नैतिक मूल्यों को तार-तार कर दिया था, बहुत चर्चा होती रही है कि दिल्ली के विकास में अनेक सुराख हो गये हैं, लोगों का सांस लेना दुश्वार हो रहा था तो यमुना प्रदूषित हो गयी थी, सड़के खड्डो में तब्दील हुई तो चिकित्सा-शिक्षा व्यवस्था चरमराई। इसलिए दिल्ली के जीवन को खतरा था। दिल्ली में ऐसे सुराख (ब्लैक होल) हो गये थे, जहां नेता पाप करके छुपते रहे हैं। आप नेताओं के दिमाग में सुराख ही सुराख हो गये थे, जिससे मवाद टपकता दिखाई देता था। ये सब स्थितियां दिल्ली को अच्छे भविष्य की ओर नहीं ले जा रही थी, दिल्ली जब कीचड़ में थी, तब आप एवं उसके नेता एक कदम आगे बढ़ने के प्रयास में दो कदम पीछे फिसलते रहे। स्थितियों की इसी विपरीतता ने दिल्ली की जनता को जगाया, एक-एक व्यक्ति दिल्ली के व्यापक हित को अपने हित से ऊपर समझते हुए भाजपा को जीत का सेहरा बांधा है। निश्चित ही दिल्ली में नये सूरज का अवतरण हुआ है, और उसका भविष्य शुभ एवं श्रेयस्कर दिखाई दे रहा है।

# बड़बोलापन और अहंकार के कारण हारे केजरीवाल !

आनंद सिंह



### -अब पार्टी में बड़ी टूट की खबरें बढ़ा रहे हैं बेचैनी

दिल्ली विधानसभा के इसी चुनाव में अरविंद केजरीवाल एक स्थान पर भाषण दे रहे थे:मोदी जी! आप कुछ भी कर लो। आप इस जन्म में तो अरविंद केजरीवाल को नहीं हरा पाओगे। दिल्ली का मतलब अरविंद केजरीवाल ही होता है। मुझे हराने के लिए आपको अगला जन्म लेना होगा।

और आज, 8 फरवरी को अरविंद केजरीवाल चुनाव हार गये। उन्हें दिल्ली के दिग्गज नेता साहिब सिंह वर्मा के बेटे प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने हराया। मन के किसी कोने में आज केजरीवाल को वह लम्हा स्मरण हुआ होगा, जब उन्होंने झूठे प्रचार के दम पर शीला दीक्षित को पराजित किया था। चुनाव में कई लोग अपना भाग्य आजमाते हैं। एक विजयी होता, शेष सभी पराजित ही होते हैं। लेकिन अरविंद केजरीवाल एक अलग ही किस्म की नेतागीरी करने आए और 10 साल तक किया भी। इन 10 वर्षों में दिल्ली को जहां पहुंचना था, नहीं पहुंच पाई।

ह्नभड़ासह्न के संपादक यशवंत सिंह ने एक्स पर कुछ पंक्तियां पोस्ट की हैं। एक बार उसे पढ़ें। ये परिणाम के पहले की पोस्ट है...फिर हम लोग आगे बात करते हैं...

ह्नदिल्ली का मूड जानने के लिए मैं पूरे चौबीस घंटे नई दिल्ली से लेकर पुरानी दिल्ली तक में कई ऑटो से घूमा। लोगों से बात की। मन मिजाज समझा। एक बात कॉमन समझ आई। लोग अरविंद केजरीवाल के बड़बोलेपन से ऊब चुके हैं। वे बदलाव चाहते हैं। ऑटो वाले तो कसम खाकर बैठे हैं कि अबकी केजरीवाल को वोट नहीं देना है। किसे देना है? इस सवाल पर कई ऑटो वाले साफ साफ कह रहे हैं कि बीजेपी को वोट देंगे क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने ऑटो वालों के लिए कुछ नहीं किया। इसलिए सबक सिखायेंगे। दस साल से ऑटो वाले ही इन्हें सरकार में बिठाए हैं। अब ऑटो वाले ही गद्दी से उतारेंगे! बिहार के मूल निवासी ऑटो चालक अरविंद यादव ने कहा- ह्नमुझे पता है बीजेपी आएगी तो वो भी कुछ नहीं करेगी क्योंकि सब केवल चुनाव के समय बोलते हैं। पर वोट बीजेपी को देंगे क्योंकि ऑटो वालों की केजरीवाल ने बहुत उपेक्षा की है। नया तो कुछ किया नहीं, उल्टे साठ साल बाद मिलने वाली पेंशन भी बंद कर दी है ह्व दिल्ली में बहुत सारे लोग केजरीवाल की शराब पालिसी (एक पर एक फ्री) से खार खाये दिखे। उनके अपने इस पियक्कडी प्रमोशन नीति से कई किस्म के नुकसान में है। परिवार टूटे, सेहत बिगड़ी। ये फैक्टर भी आम आदमी पार्टी के लिए नेगेटिव है। कुल मिलाकर दिल्ली की लड़ाई में ये समझ में आ रहा कि अरविंद केजरीवाल के लिए सत्ता का रास्ता इस बार बहुत टफ है। बीजेपी गर्दन दबोचने को तैयार है। आम आदमी पार्टी का आधार वोट बैंक ऑटो वाले बुरी तरह नाराज बैठे हैं ह्न ये थी यशवंत की रिपोर्ट।



मुझे याद आता है, दिल्ली के एक अखबार में मैं हरियाणा संस्करणों का संपादकीय प्रभारी था। उस दौर में हमारे स्थानीय संपादक की पहल पर सात कॉलम में दिल्ली-एनसीआर के सभी संस्करणों में फ्लायर छपा, जो दिल्ली सरकार में हुए दवा घोटाले से संबंधित था। लगातार तीन दिनों तक वह खबर फ्लायर में ही, सात कॉलम में ही छपी। इससे नाराज होकर केजरीवाल की सरकार ने उस अखबार का विज्ञापन ही रोक दिया। विज्ञापन रोका सो रोका, उसके बाद एक सीनियर जब केजरीवाल से मिलने गये तो उनसे भी भारी बेइज्जती की गई। यह 2019 की बात है। आज उस अखबार के एक साथी ने बताया:सर, जश्न मन रहा है हमारे यहां। मुझे याद है, उस वक्त मुझे बुला कर संपादक ने पूरा किस्सा सुनाया था। माफी मांगने के बाद विज्ञापन शुरू तो हुआ लेकिन तब तक कई करोड़ का नुकसान हो चुका था।

आपके लिए अब यह कोई खबर नहीं रह गई कि अरविंद केजरीवाल चुनाव हार गये। लेकिन, आपको उनकी पराजय के कारणों को जरूर जानना चाहिए। दरअसल, केजरीवाल कोई एक कारण से चुनाव नहीं हारे। आप याद करें तो केजरीवाल के पहले शीला दीक्षित जी ने 15 साल सरकार चलाई थी। उस दौर में दिल्ली यकीनन विकास की राह पर बढ़ चली थी। 10-11 साल पहले जब से केजरीवाल आए, दिल्ली के लेफ्टिनेंट गर्वनर से उनकी कभी नहीं पटी। हर दिन कोई न कोई रगड़ा होता ही था। इस चक्कर में दिल्ली को जो तरक्की करनी थी, नहीं कर सकी। इस बात को केजरीवाल के विरोधी भी मानेंगे कि उन्होंने हेल्थ और एजुकेशन में शानदार काम किया लेकिन यह भी सत्य है कि हेल्थ के क्षेत्र में बड़े-बड़े घोटाले हुए। पानी-बिजली का वादा कुछ दिनों तक तो चलता रहा, बाद में उसमें भी घूसखोरी शुरू हो गई। कई योजनाएं फाइलों में ही पड़ी रह गईं और लोगों का नुकसान हुआ सो अलग। फिर, आप के सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया और खुद केजरीवाल तिहाड़ पहुंच गए। शराब घोटाले ने आप को तगड़ी चोट दी। जितना बड़ा घोटाला नहीं था, उसे उससे कहीं ज्यादा भाजपा ने बढ़ा-चढ़ा कर जनता के मन में केजरीवाल के लिए निगेटिव नैरेटिव गढ़ने में सफलता प्राप्त कर ली।

गौर से देखें तो अरविंद केजरीवाल के साथ ही मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन समेत जितने बड़े चेहरे थे आप के, सभी धूल चाट गये। यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि दिल्ली में इन नेताओं के साथ-साथ आम आदमी पार्टी भी जमीन चाटती हुई नजर आई। इन नेताओं से संबंधित किसी भी बूथ पर ऐसा लगा ही नहीं कि ये तगड़ा फाइट दे रहे हैं। बेशक मुकाबला एकतरफा नहीं हुआ लेकिन हार और जीत का मार्जिन बड़ा जरूर रहा है।

जाहिर है, जब सेनानायक पराजित होता है तो सैनिक खुद ही सरेंडर कर देते हैं। यही हाल आप का हुआ है। जल्द ही आपको खबर मिले कि आप के अधिकांश नेता भाजपा में जा रहे हैं तो परेशान मत होइएगा क्योंकि कई लोग आज ही के दिन का इंतजार कर रहे थे। आप, पंजाब में भी भाजपा ज्वाइन करने वालों की लंबी कतार लगी हुई है। भगवंत मान की समझ में कुछ नहीं आ रहा है कि वह करें तो क्या करें। उनके लिए पंजाब आप को इकट्ठा रखना बड़ी चुनौती है क्योंकि पार्टी का सबसे प्रमुख व्यक्ति आज चुनाव हार चुका है। केजरीवाल क्या कदम उठाएंगे, यह तो नहीं पता। वैसे भगदड़ कभी भी शुरू हो सकती है और इसकी चपेट में पंजाब सरकार भी आ जाए तो चकराइएगा मत।

# डॉ सुधानंद झा ज्योतिषी द्वारा प्रस्तुत दैनिक राशिफल

डा सुधा नन्द झा



**मेष** -लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-7-8-9

**वृष** - आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** - अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-7-9

**कर्क** - अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-4-6

**सिंह** - अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**कन्या** - समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ नरम रहेगा। शुभांक-5-7-9

**तुला** -जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें। शुभांक-2-5-7

**वृश्चिक** - परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें। शुभांक-1-5-9

**धनु** - स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर**- धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** -सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं। शुभांक-4-7-8

**मीन**- उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की परीक्षा होगी। शुभांक-1-4-6

**डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# सांसद विद्युत महतो ने की माइंस मिनिस्टर से मुलाकात

राष्ट्र संवाद संवाददाता

## आई सी सी स्मेलटर प्लांट को डेवलप कर एक लाख मीट्रिक टन क्षमता करने की मांग

सांसद विद्युतवरण महतो ने हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) की मऊभण्डार स्थित इकाई इंडियन कॉपर कॉम्प्लेक्स (आईसीसी) के स्मेल्टर प्लांट को नए सिरे से डेवलप कर चलाने की मांग की है। सांसद ने मऊभण्डार स्थित स्मेल्टर प्लांट को मॉडिफाई कर इसकी क्षमता बढ़ाकर एक लाख मिट्रिक टन करने की मांग की है। सांसद विद्युतवरण महतो ने यह मुद्दा नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों के बीच आयोजित हाई पावर कमिटी की बैठक के दौरान उठाया है। उन्होंने केंद्रीय खनन मंत्री जी किशन रेड्डी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा की मेरे जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के घाटशिला-मऊभंडार में एचसीएल की स्मेल्टर प्लांट वर्ष 1932 से स्थापित है। ताम्र अयस्क की कमी के कारण स्मेल्टर प्लांट में उत्पादन कार्य दिसंबर-2019 से ही बंद है। यहां कम्पनी की सुरदा माइंस संचालित है। राखा व चापड़ी माइंस के संचालन के लिए आपके (खान मंत्री) उपस्थिति में एचसीएल और साउथ वेस्ट माइनिंग लिमिटेड के बीच समझौता भी हुआ हैं। केंदाडीह माइंस में भी उत्पादन शुरू करने की प्रक्रिया जारी है। ऐसे में यहां उत्पादित होने वाली ताम्र अयस्क का समुचित उपयोग हो सकें, इसके लिए जरूरी है की मऊभंडार स्मेल्टर प्लांट को मॉडिफाई कर इसकी उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर एक लाख मिट्रिक टन किया जाएं। सांसद ने खान मंत्री से प्लांट को मॉडिफाई कर क्षमता बढ़ाने हेतु आवश्यक फंड उपलब्ध कराने की मांग की है। सांसद के मांग पर खान मंत्री ने अपने ओएसडी को पूरे मामले को एग्जामिन करने का निर्देश दिया। उन्होंने मामले को समझकर पुनः सांसद के साथ बैठक आयोजित करने का भरोसा दिया। हाई पावर कमिटी मीटिंग में केंद्रीय खान मंत्री जी किशन रेड्डी के साथ ही केंद्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण की राज्य मंत्री निमुबेन जयंती भाई बांभणिया भी उपस्थित थे।



सांसद ने मऊभंडार स्मेल्टर प्लांट की क्षमता को बढ़ाकर जल्द चालू कराने के लिए विविध कारणों की भी खान मंत्री को दी जानकारी

खान मंत्री किशन रेड्डी से मऊभंडार स्थित स्मेल्टर प्लांट को मॉडिफाई कर उत्पादन की क्षमता बढ़ाकर एक लाख मिट्रिक टन करने के पीछे सांसद विद्युतवरण महतो ने कई एक कारण भी बताए है। सांसद प्रतिनिधि दिनेश साव के मुताबिक सांसद ने केंद्रीय खान मंत्री को बताया की स्मेल्टर प्लांट से महज कुछ ही दूरी पर सुरदा, राखा-चापड़ी एवं केंदाडीह माइंस है जिससे उत्पादित होने वाली कॉपर अयस्क का उपयोग बहुत ही कम लागत पर किया जा सकता है। स्मेल्टर प्लांट के लिए पानी की काफी अच्छी व्यवस्था है। प्लांट से जीरो किलोमीटर से होकर ही स्वर्णरेखा नदी गुजरती है जिससे पानी की समस्या बिल्कुल नहीं होगी। झारखण्ड बिद्युत वितरण निगम लिमिटेड की बिजली का सीधा सप्लाई प्लांट तक होती है जिससे बिजली भी आसानी से उपलब्ध है। प्लांट से घाटशिला रेलवे स्टेशन की दूरी मात्र 2 किलोमीटर की है। प्लांट तक रेलवे की लाइन बिछी हुई है जिससे आसानी से माल की आवाजाही हो सकती है। स्मेल्टर प्लांट से हल्दिया बंदरगाह की दूरी भी 150 से 200 किलोमीटर के बीच है जिसका लाभ बंदरगाह से माल की आवाजाही में आसानी से उठाया जा सकता है। सांसद ने बताया की प्लांट में निर्मित कॉपर का उपयोग अयोध्या में प्रभू श्रीराम के बने भव्य मंदिर में भी किया गया है जिससे क्षेत्र के लोगों की भावना प्रभू श्रीराम के मंदिर से जुड़ गयी है। ऐसे में लोगों की चाहत है की यहां वृहद प्लांट की स्थापना की जाएं। घाटशिला आदिवासी बहुल एरिया है जहां अनुसूचित जाती और पिछड़ा वर्ग के लोग भी बड़ी संख्या में रहते है। वृहद स्मेल्टर प्लांट की स्थापना से गरीब जरूरतमंदों को रोजगार मिल सकेगा तथा क्षेत्र का समुचित विकास भी संभव हो सकेगा। दिनेश साव के मुताबिक मऊभंडार प्लांट को मॉडिफाई कर इसकी उत्पादन क्षमता को बढ़ाना आवश्यक है। यही कारण है की बंद खदानों के साथ ही सांसद विद्युतवरण महतो मऊभंडार प्लांट को भी खुलवाने के लिए प्रयासरत है।

# पोटका में राशन में कटौती के खिलाफ शासनघुटू के ग्रामीणों ने राशन डीलर के खिलाफ किया प्रदर्शन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

पोटका में राशन में कटौती के खिलाफ शासनघुटू के ग्रामीणों ने राशन डीलर के खिलाफ किया प्रदर्शन, दिसंबर जनवरी का राशन नहीं उठाने की घोषणा

जादूगोड़ा : पोटका प्रखंड अंतर्गत जादूगोड़ा से सटे ग्वालकाटा पंचायत के गौड ग्राम के शासनघुटु के ग्रामीणों ने देर संध्या राशन में कटौती के खिलाफ राशन डीलर निकी हांसदा के आवास के समक्ष प्रदर्शन किया व अपने गुस्से का इजहार किया। ग्रामीण पंकज धल, बलाई मार्डी,विश्वनाथ सोरेन का आरोप हैं कि राशन डीलर निकी हांसदा राशन में भारी कटौती कर राशन कम देने का आरोप लगाया तथा कहा कि 20 किलो के चावल की जगह 15 केजी इसी तरह आवंटित 30 केजी के बदले 15 केजी चावल देकर भोले भाले जनता के निपटा दिया जाता।जिसका ग्रामीण विरोध जता रहे है व उसकी निलंबन की मांग कर रहे है।नामक में ही भारी हेरा फेरी का आरोप लगाया तथा लाभुकों ने कहा कि पांच रुपया में तीन पैकेट नामक दिया जाता है जबकि प्रति नमक एक रुपया लेने का प्रावधान हुआ। दाल बीते दो महीने दिसंबर व जनवरी का नहीं मिला जबकि पंचिंग ले लिया गया।



ग्रामीणों का आरोप है कि चावल का पंचिंग लेने के बाद भी नहीं मिलता। ग्रामीणों ने झारखंड सरकार से सही समय पर राशन मुहैया कराने व आवंटित चावल मुहैया करने की मांग उठाई है।

**ग्रामीणों का आरोप निराधार/डीलर**

जादूगोड़ा : शासनघुटू के डीलर निकी हांसदा ने कहा कि ग्रामीणों का आरोप निराधार है। सरकारी नियम के तहत ग्रामीणों को राशन मुहैया कराया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीणों का दिसंबर व जनवरी का राशन दिया गया है। किसी प्रकार की कोई कटौती नहीं की जा रही हैं।

# विद्या ज्योति स्कूल में एबीएल पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।**टीजीएस कॉलोनी गम्हरिया स्थित विद्या ज्योति स्कूल में कक्षा तीन से नवमी तक के बच्चों के लिए विज्ञान विभाग में गतिविधि-आधारित शिक्षा (एबीएल) पर आधारित एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सीखने के परिणामों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण सोच, समस्या निवारण कौशल, रचनात्मकता, सहयोग, अनुकूलनशीलता और निष्क्रिय शिक्षण पद्धति की तुलना में गहरी समझ और जानकारी को बनाए रखने के कार्य के साथ सक्रिय जुड़ाव के माध्यम से ज्ञान को व्यावहारिक रूप से लागू करने की क्षमता को बढ़ावा दिया गया था। बताया गया है कि यह निर्णय लेने और संचार कौशल जैसे



आवश्यक जीवन कौशल विकसित करने और बच्चों में सामाजिक कौशल विकसित करने व उनमें टीम भावना को बढ़ावा देने में भी मदद करता है। साथ ही, जमीनी स्तर पर बच्चों के ज्ञान को बढ़ाने में यह मदद करता है। इस कार्यक्रम से बच्चों के शैक्षिक वातावरण से बाहर ज्ञान प्राप्त करने और वास्तविकता जानने में सहायता होती है। प्रतियोगिता को तीन स्तरों में विभाजित किया गया था, कक्षा तीन से पांचवी तक को स्तर-एक, छठी व सातवीं कक्षा के बच्चो को स्तर-दो तथा आठवीं व नौवीं कक्षा के बच्चों को स्तर-तीन में रखा गया था। प्रतियोगिता में शामिल बच्चों का मूल्यांकन उनके रचनात्मकता और कल्पनाशीलता, मौलिकता और नवीनता, प्रदर्शन की प्रस्तुति प्रभावशीलता और प्रासंगिक स्पष्टीकरण आदि मापदंडों पर विशेषज्ञ जजों की टीम द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के पश्चात, प्रत्येक स्तर से तीन-तीन शीर्ष प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# एक अप्रैल को धूमधाम से मनेगा सरहुल, विधायक की मौजूदगी में आदिम भूमिज मुंडा समाज ने की घोषणा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

आदिम भूमिज मुंडा समाज कल्याण समिति बुनुडीह की बैठक शनिवार को मागाड़बुरू दिशुम जायराथान हरिणा मे दिशुम नाया सुशांत सरदार की अध्यक्षता मे हुई. इस बैठक मे प्रमुख रूप से पोटका के विधायक संजीव सरदार समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे. मौके पर 1 अप्रैल को आयोजित की जानेवाली दिशुवा हादी बोंगा-2025 (सार्वजनिन सरहुल पूजा) को धूमधाम से आयोजित करने को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया. यहां सर्वसम्मती से तय किया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिशुवा हादी बोंगा-2025 (सार्वजनिन सरहुल पूजा) मिलजुलकर मनाया जायेगा, जिसके लिये सभी को अपनी-अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह्न करना होगा. यहां समाज के लोगों के बीच जिम्मेदारी बांटते हुये दिशुवा हादी बोंगा-2025 (सार्वजनिन सरहुल पूजा) संचालन समिति का गठन किया गया. इसमें संरक्षक विधायक संजीव सरदार एवं संयोजक दिशुम नाया सुशांत सरदार को बनाया गया. मौके पर उपस्थित विधायक संजीव सरदार ने कहा कि दिशुवा हादी बोंगा-2025 (सार्वजनिन सरहुल पूजा) एक बड़ा रूप लिया है, जहां अब देश के विभिन्न राज्य से भूमिज समाज के लोग पहुंच रहे है. इस आयोजन को मिलजुलकर सफल बनाना है. समाज के जानकारी आयोजन को सफल बनाने हेतू युवाओं का मार्गदर्शन करें, जिससे की आयोजन मे किसी तरह की दिक्कत नहीं हो. बैठक मे बिहारी लाल सरदार, सुधीर सरदार, योगेस सरदार, रतन सरदार आदि उपस्थित थे.



आयोजन समिति के सदस्य संरक्षक विधायक संजीव सरदार, संयोजक सुशांत सरदार, वरीय सदस्य श्रीपति सरदार, रघुनाथ सरदार, कालीदास सरदार, फुलचांद सरदार, सदस्य मधु सरदार, दीपक सरदार, मनोरंजन सरदार, अवित्र सरदार, उदय सरदार, गोपीनाथ सरदार, बुद्धेश्वर सरदार, संजय सरदार, सुदर्शन सरदार, रविंद्र सरदार, सतीश सरदार, मनोहर सरदार, चित्तरंजन सरदार, बिरेन सरदार, चंका सरदार, मनोज सरदार, भरत सरदार, असीत सरदार, विश्वजीत सरदार, भुवनेश्वर सरदार, ईश्वरलाल सरदार, फकीर सरदार, संजय सरदार, लाल सरदार, छोटेलाल सरदार, निवारण सरदार, संजीत सरदार, पिंटू सरदार, राजु सरदार, सोमनाथ सरदार, कार्तिक सरदार को बनाया गया.

# दिल्ली भाजपा की जीत पर राहुल पाण्डेय ने बांटे लड्डू



राष्ट्र संवाद संवाददाता

दिल्ली विधानसभा चुनाव मे भाजपा का ऐतिहासिक जीत की खुशी में घाटशिला सुभाष चौक पर भाजपा के जिला मंत्री राहुल पाण्डेय के नेतृत्व में लड्डू का वितरण किया गया एवं पटाखे फोड़े गए ह्ल इस मौके पर घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी लखन मार्डी ने कहा भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक विजय दिल्ली के समर्पित पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं को हार्दिक बधाई यह विजय आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व और उनकी सर्वहितग्राही,लोक-कल्याणकारी और समग्र उत्थान को समर्पित विकासपरक नीतियों पर दिल्ली वासियों के विश्वास की मुहर है।सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई एवं दिल्ली की सुशासन प्रेमी देवतुल्य जनता-जनार्दन का अभिनंदन ह्ल

मौके पर मुख्य रूप से जिला मंत्री राहुल पांडे जिला मंत्री कृष्णा शर्मा, पंचायत समिति सदस्य विजय पांडे ,जिला उपाध्यक्ष हेमंत नारायण देव, मंडल अध्यक्ष कौशिक कुमार, बृजेश सिंह दीपक दंडपात उपमुखिया सुजन मान्ना, शंकर कालिंदी, देवासु उपाध्यक्ष सुबोध सिंह, सुभाष बनर्जी, सुखेंद्र दास, समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे

# सरायकेला: हिस्ट्रीशीटर बाबू दास पर एक और जानलेवा हमला

राष्ट्र संवाद संवाददाता

सरायकेला जिले के आदित्यपुर पुलिस की सतर्कता के बावजूद, कुख्यात अपराधी बाबू दास पर एक बार फिर से कातिलाना हमला हुआ है। शुक्रवार देर रात सतबोहनी-सांपड़ा मार्ग स्थित एक होटल के पास घात लगाए अपराधियों ने उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं।

घटना के बाद बाबू दास को गंभीर हालत में टाटा मुख्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही एसडीपीओ समीर कुमार सवैया और थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अपराधियों ने बाबू दास पर कुल सात गोलियां दागीं, जिनमें तीन जांघ में, एक पेट में, एक कंधे में और दो गोलियां हाथ में लगी हैं। इस हमले में अपराधी अजय थापा उर्फ अज्जू थापा, देवाशीष दास और आनंद दुबे का नाम सामने आया है, जिनके संबंध कुख्यात अपराधी संतोष थापा से बताए जा रहे हैं।



यह पहली बार नहीं है जब बाबू दास को निशाना बनाया गया है। इससे पहले, 9 अप्रैल 2023 को एमटीसी बिल्डिंग के पीछे उसकी बोलेरो पर बम से हमला हुआ था, जिसमें वह और उसका साथी अजय प्रताप बाल-बाल बच गए थे। इस मामले में पुलिस ने मोती बिश्नोई और मंतोष महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसी तरह, 2 जुलाई 2023 को एमटीसी मॉल के पीछे देवाशीष के भाई के होटल के पास भी फायरिंग हुई थी, जिसमें बाबू दास बाल-बाल बचा था। उस घटना में भी अज्जू और देवाशीष का नाम सामने आया था और दोनों तब से फरार थे।बाबू दास का संबंध कुख्यात विक्की नंदी गिरोह से है। विक्की फिलहाल हत्या के एक मामले में जेल में बंद है, जबकि बाबू दास भी पहले एक आपराधिक मामले में जेल जा चुका है।फिलहाल, पुलिस इस पूरे हमले की तहकीकात कर रही है और फरार अपराधियों की तलाश तेज कर दी गई है।

# सफलता की यात्रा का मूलमंत्र कड़ी मेहनत और समर्पण: जगत माझी

राष्ट्र संवाद संवाददाता
रामगोपाल जेना

**कोल्हान/आनंदपुर:** आनंदपुर के चारबंदिया स्थित संत जोसेफ मध्य विद्यालय सह दिव्य ज्योति उच्च विद्यालय का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनोहरपुर के विधायक जगत माझी उपस्थित रहे। इसके अलावा अन्य अतिथियों में विद्यालय के सचिव फादर हलन बोदरा, प्राचार्य फादर जेम्स सुरीन, फादर मारिया चार्ल्स, फादर जीनव जोनिस उपस्थित थे। विधायक जगत माझी ने विद्यालय का झंडोत्तोलन एवं मशाल जलाकर खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया। विधायक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा सफलता हर किसी के जीवन का लक्ष्य है। जीवन चुनौतियों और अवसरों से भरा है। लेकिन सफलता उन्हीं के हिस्से में आती है जो अवसर को प्राप्त करने और चुनौतियों का सामना करने के लिए



संघर्ष करते हैं। उन्होंने कई उदाहरण देते कहा कि कड़ी मेहनत और समर्पण से उन्होंने सफलता पाई है। जो सफलता की यात्रा का एकमात्र मंत्र है। उन्होंने कहा खेल से जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना जगती है। खेल हमें अनुशासन भी सिखाता है। विद्यालय प्रबंधन की मांग पर उन्होंने परिसर में एक साइकिल स्टैंड निर्माण कराने की घोषणा की। इस मौके पर विधायक जगत माझी ने विभिन्न स्पधाओं के विजेताओं को मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया। अभिभावकों के साथ विधायक बम ब्लास्ट प्रतियोगिता में भाग भी लिए। खेल दिवस का संचालन राकेश टोपनो, संध्या माधुरी पुरती एवं समीर बुढ़ ने किया। हरा दल सर्वाधिक अंक के साथ ओवर ऑल चैंपियन बना। जबकि नीला दल दूसरे स्थान पर रहा। आयोजन को सफल बनाने में ललिता बुढ़, सुचिता एक्का, इजबाल लुगुन, रजनी सुरीन, नील कुसुम टेटे, संगीता मारके, संगीता भुइयां, अमर केरकेट्टा, अनिल भेंगरा, आनंद बोदरा, स्नेहलता भेंगरा, फुतीर्ला कुजूर आदि शिक्षक-शिक्षिका का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर शिक्षक समेत अभिभावक और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर विभाग पूरी तरह से तैयार:शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर** झारखण्ड राज्य मे मैट्रिक और इंटर की परीक्षा 11 फरवरी से होना है, जिसको लेकर राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर विभाग पूरी तरह से तैयार है, परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर लिए गईं है, दोनों ही परीक्षाओं को लेकर मंत्री ने बड़ा बयान दिया है, उन्होंने साफ तौर पर कहा कि राज्य के सभी स्कूल और कॉलेज के प्रिंसपल को सुनिश्चित करना होगा कि पुरे राज्य मे एक भी छात्र छात्राएं ऐसी ना हो जो इस परीक्षा से वंचित रह जाए, उन्होंने साफतौर पर कहा कि एडमिट कार्ड किसी कारण बस छात्र छात्राएं नेट से नहीं निकाल सकें तो उन छात्र छात्राओं को स्कूल के प्रिंसपल एडमिट कार्ड उनके आवास तक पहुंचाए, ताकि राज्य का एक भी छात्र छात्राएं इस परीक्षा से वंचित ना हो, मंत्री ने साफ कहा कि अगर किसी कारण बस अगर कोई छात्र या छात्राएं परीक्षा से वंचित रह गए , सम्बंधित पदाधिकारी पर विभागीय करवाई भी होगी, सभी स्कूल और कॉलेज के प्रिंसपल यह सुनिश्चित करें की एक भी छात्र या छात्राएं इस परीक्षा से वंचित ना हो सके।

### यूसिल अस्पताल के कैंटीन में लंगूर का कब्जा, लोग दहशत में



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा** : यूसिल की जादूगोड़ा अस्पताल कैंटीन में लंगूर का कब्जा हो गया है।आलम यह है अस्पताल कर्मी लंगूर के साथ दहशत के साए में खाना खाने को विवश है।जिसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। यहां कभी भी अनहोनी घटना घट है,जरूरत है कैंटीन में सुरक्षा घेरे की ताकि अस्पताल कर्मी निर्भीक होकर भोजन कर सके अन्यथा आने वाले दिनों किसी बड़े हादसे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।बहर हाल देखना यह अस्पताल प्रबंधन कैंटीन में लंगूर की दहशत को समाप्त करने के लिए क्या पहल करती है, या उसे अपने हाल पर छोड़ देती हैयह गौर करने वाली बात होगी ।

### शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने शिक्षा विभाग की कोल्हान स्तरीय बैठक की

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** झारखण्ड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने शिक्षा विभाग की कोल्हान स्तरीय बैठक की, यह बैठक बिस्टुपुर स्थित निर्मल गेस्ट हॉउस मे की गईं, बैठक मे शिक्षा सचिव के साथ साथ तीनों जिला के उपायुक्त सहित सभी शिक्षा पदाधिकारी मौजूद रहें, मंत्री रामदास सोरेन ने सभी अधिकारियो को शिक्षा का स्तर बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए, इस बैठक मे कई त्रुटियां पाई गईं, शिक्षक की कमी, स्कूल भवन की जर्जर स्थिति, जिस विद्यालय मे जो कमी है उसे जल्द दूर कर लिया जाएगा, वंही उन्होंने कहा कि शिक्षा मे कोताही किसी हाल मे बर्दास्त नहीं की जाएगी, किसी हाल मे शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास राज्य सरकार की है, पिछले सरकार मे बंद विद्यालयों को भारत सरकार के नई शिक्षा नीति के तहत मातृ भाषा से पढ़ाई उन्ही विद्यालयों से शुरू करें, इसको लेकर भी प्रयास जारी है, वंही उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कमी को भी दूर कर लिया जाएगा, राज्य मे शिक्षा कैसे बेहतर हो उस पर राज्य सरकार काम कर रही है।

### देबू डे को भारतीय युवा खेल शिक्षा महासंघ का झारखंड प्रदेश महासचिव मनोनीत

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**गम्हरिया** ।जिले के प्रमुख खेल प्रशिक्षक देबू डे को भारतीय युवा खेल शिक्षा महासंघ का झारखंड प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। महासंघ के संस्थापक सह केंद्रीय महासचिव ने उपरोक्त मनोनयन करते हुए उन्हें राज्य में विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हुए उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनने में सहयोग करने का निर्देश दिया है। इधर, देबू डे के महासंघ के प्रदेश महासचिव बनने पर जिले के कई खिलाड़ियों ने उन्हें बधाई दिया है।

### मां मेटाकानी मंदिर में शौरभ अग्रवाल ने चढ़ाया भोग,श्रद्धालुओं के बीच हुआ भोग का वितरण



राष्ट्र संवाद संवाददाता रामगोपाल जेना

**चक्रधरपुर** :पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर नगर में बारह खोली में अवस्थित मां मेटाकानी मंदिर में प्रदेश यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल द्वारा मां को भोग लगाया गया। मौके पर भाजपा नेता संजय मिश्रा कांग्रेसी नेता सन्नी रॉबर्ट एंथोनी ,बापी कर्मकार समेत शुभम शर्मा विजय गुप्ता,मुन्ना, तांती ,संतोष राम ,उमेश और स्थानीय श्रद्धालु मौजूद थे

मौके पर विभिन्न क्षेत्र से पहुंचकर श्रद्धालुओं ने मां मेटाकानी का आशीर्वाद प्राप्त किया और भोग ग्रहण किए ।

प्रदेश यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्ष शौरभ अग्रवाल ने कहा प्रत्येक वर्ष माता मंदिर में वे भोग लगाते है और श्रद्धालुओं के बीच भोग का वितरण करते है श्रद्धालु शुभम शर्मा ने भी जानकारी देते हुए कहा कि ये श्रद्धा और भक्ति का केंद्र है काफी संख्या में श्रद्धालु आते है और पूजा अर्चना करते है

बताते चलें कि मां मेटाकानी मंदिर में पुजारी रवि महानंद के द्वारा पूजा अर्चना की जाती है

### निशा तिउ को परसुडीह थाना पुलिस ने मानव तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर के परसुडीह थाना क्षेत्र के लोको कॉलोनी की रहने वाली साल्कू हेम्ब्रम की पुत्री 20 वर्षीय निशा तिउ को परसुडीह थाना पुलिस ने मानव तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. परसुडीह थाना प्रभारी फैज अहमद ने बताया कि निशा तिउ जो नाबालिग लड़कियों को बहला फुसला कर रांची पंहुचा देती थी उसके बाद रांची की रहने वाली अंजलि कच्छप उन बच्चियों को दिल्ली में बेच दिया करती थी. मालूम हो कि परसुडीह थाना क्षेत्र के लोको कॉलोनी की रहने वाली नौवीं कक्षा की छात्रा सरस्वती पूजा के दिन से ही गायब थी. परिजनों ने पड़ोस की रहने वाली निशा तीयू पर शक जताया था. और उसे पुलिस के हवाले कर दिया था. पुलिस ने जब निशा से सख्ती से पूछताछ की तो उसने भेद खोल दिया.

# राष्ट्रीय खेलों में महिला सशक्तीकरण की सुंदर तस्वीर, 1053 महिला वॉलंटियर संभाल रहीं अहम व्यवस्थाएं

**देहरादून, एजेंसी।**




राष्ट्रीय खेलों में बड़ी संख्या में महिला वॉलंटियरों की भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। मैदान के भीतर ही नहीं बल्कि बाहर भी बेटियां जमकर पसीना बहा रही हैं। खेलों की अहम व्यवस्थाओं में 1053 महिला वॉलंटियरों को ड्यूटी पर लगाया गया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में हम बेटियों के जज्बे और हौसले को लगातार देख रहे हैं। विभिन्न खेलों में बेटियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और मेडल जीते हैं। खेलने के अलावा इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में बेटियां अपनी-अपनी भूमिकाओं में सक्रिय योगदान कर रही हैं। तमाम व्यवस्थाओं में वह कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रही हैं, यह सराहनीय है।

उन्हाने कहा कि उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन खेल के अलावा तमाम अन्य क्षेत्रों में भी देश-दुनिया को महत्वपूर्ण संदेश दे रहा है। एक हजार से ज्यादा महिला वॉलंटियरों का राष्ट्रीय खेलों से सीधे जुड़ाव महिला सशक्तीकरण की सुंदर तस्वीर बना रहा है।

वॉलंटियर बनने के लिए राष्ट्रीय खेल सचिवालय ने तीस हजार से ज्यादा पंजीकरण किए थे। प्रारंभिक परीक्षा और प्रशिक्षण के बाद पूरे प्रदेश में 2451 वॉलंटियरों को व्यवस्थाओं से जोड़ा गया। इनमें से पुरुष वॉलंटियरों की संख्या 1398 है। कुल तैनात वॉलंटियरों में पुरुष वॉलंटियर 57.4 प्रतिशत हैं, जबकि 42.96 प्रतिशत महिला वॉलंटियर ड्यूटी कर रही हैं। यह सारे वॉलंटियर सामान्य हैं, जिन्हें पार्किंग, खिलाड़ियों को लाने-ले जाने, मेडल सेरेमनी के दौरान सहयोग करने जैसे कार्यों में लगाया गया है। इनके अलावा, नेशनल फेडरेशन स्पोर्ट्स ऑफ इंडिया से संबद्ध विशिष्ट वॉलंटियर भी अपना अलग से योगदान कर रहे हैं। उनकी खेल पृष्ठभूमि को देखते हुए उन्हें खेल गतिविधियों से सीधे जोड़ा गया है।

बतौर वॉलंटियर राष्ट्रीय खेलों का हिस्सा बनी हूं, यह बड़ी बात है- कोटद्वार की रहने वाली मानसी दून विश्वविद्यालय से मीडिया एंड मॉस कम्युनिकेशन की पढ़ाई कर रही है। वह वॉलीबॉल की खिलाड़ी भी हैं। वह कहती है-बहुत कम ऐसे अवसर मिलते हैं। मैं इस अवसर को हाथ से नहीं जाने देना चाहती थी। बतौर वॉलंटियर राष्ट्रीय खेलों का हिस्सा बनी हूं, यह बड़ी बात है। देहरादून की रहने वाली रिदिमा का भी यही कहना है। वह कहती है-इतने बड़े आयोजन से जुड़कर एक्सपोजर मिलता है। इसके अलावा, अपनी ड्यूटी खत्म करने के बाद वह दूसरे मैच भी देख पा रही है। रिदिमा बॉस्केटबॉल खेलती है। गौचर-चमोली की रहने वाली स्नेहा आर्या कहती है- राष्ट्रीय खेलों के बड़े आयोजन में जुड़ना गौरवान्वित करने वाला है। वेंकटरमणी ने कहा कि वह इस पहलू पर विस्तार से बहस करेंगे और 10 फरवरी तक का समय मांगा। मामले को स्थगित करने वाली पीठ ने संकेत दिया कि वह दोनों पक्षों को सुनने के बाद 10 फरवरी को इस मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रखेगी।

**क्या है अनुच्छेद 200:** संविधान का अनुच्छेद 200 राज्यपाल को राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने या रोकने का अधिकार देता है। राज्यपाल पुनर्विचार के लिए विधेयक को विधानमंडल को वापस भी भेज सकते हैं या उसमें बदलाव का सुझाव दे सकते हैं।

# राज्यसभा में कुल 77 निजी विधेयक पेश, संसद की कार्यवाही साल में 120 दिन चलाने वाला बिल भी पेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

राज्यसभा में कुल 77 निजी विधेयक पेश किए गए। इनमें एक निजी बिल ऐसा भी है, जिसमें जिसमें संसद की कार्यवाही साल में 120 दिन करने की मांग रखी गई है।

सदन में गैर सरकारी सदस्यों के विधायी कार्यों के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा और आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्रायन ने इसे लेकर अलग-अलग निजी विधेयक पेश किए। मनोज झा ने संसद की कार्यवाही साल में 120 दिन चलाए जाने की मांग वाला निजी विधेयक पेश किया। हालांकि, डेरेक ओब्रायन ने जो निजी विधेयक पेश किया, उसमें उन्होंने साल में 100 दिन संसद की कार्यवाही चलाने प्रस्ताव रखा।

राजद के मनोज झा ने संसद (उत्पादकता वृद्धि) विधेयक 2024 पेश किया। उन्होंने कहा कि संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही एक साल में 120 दिन चलाई जानी चाहिए। उस दौरान होने वाले व्यावधानों के कारण कार्यवाही पूरी नहीं चलने के मद्देनजर उन्होंने कहा कि कार्यवाही का समय भी बढ़ाया जाना चाहिए। हालांकि, डेरेक ओब्रायन ने इसके लिए संविधान (संशोधन) विधेयक 2024 पेश करते हुए इसके माध्यम से अनुच्छेद 85 जोड़ने का प्रस्ताव किया।

इसके अलावा डीएमके के सांसद पी.विल्सन द्वारा नियुक्ति में आरक्षण के लिए निजी विधेयक पेश किया गया। इसमें भारत के संविधान में और संशोधन करना ताकि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, महिलाओं और धार्मिक अल्पसंख्यकों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति में उचित प्रतिनिधित्व प्रदान किया जा सके और समयबद्धता, पारदर्शिता लाई जा सके तथा सार्वजनिक नियुक्तियों में राज्य सरकार की राय ली जा सके।

# सनातन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संवाहक रहे कामेश्वर चौपाल: बाबूलाल मरांडी

**रांची, एजेंसी।**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वर्गीय कामेश्वर चौपाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन से मंदिर निर्माण तक के साक्षी रहे कामेश्वर चौपाल~ रविंद्र कुमार राय

मरांडी ने कहा कि कामेश्वर चौपाल सहज, सरल और कुशल संगठनकर्ता थे। वे एक प्रभावशाली वक्ता भी थे और उनका संपूर्ण जीवन राम कार्य और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को समर्पित रहा। उन्होंने राम को केवल आराध्य नहीं, बल्कि राष्ट्र पुरुष के रूप में माना और इस विचार को गांव-गांव तक पहुंचाया।

उन्होंने कहा कि उनके साथ विहिप में संगठन कार्य साथ साथ करने का सुअवसर मिला जो स्मृतियों में शामिल है।

भाजपा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय ने भी चौपाल के निधन पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। उन्होंने चौपाल को विलक्षण व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा कि वे श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन को गति देने और मंदिर निर्माण के साक्षी बने। भव्य मंदिर की नींव में पहली ईंट रखने का गौरव उन्हें प्राप्त हुआ, जो इतिहास में सदैव अंकित रहेगा। चौपाल श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य भी थे।

डॉ. राय ने कहा कि एक कुशल संगठनकर्ता के रूप में चौपाल ने एकात्मता यात्रा और रामशिला पूजन कार्यक्रम के माध्यम से झारखंड के गांव-गांव तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उनका निधन समाज जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है।

प्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित अन्य नेताओं ने भी चौपाल की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# यूरिया की किल्लत नहीं, राज्य मुनाफाखोरों पर करसें शिकंजा; सपा सांसद के दावे पर सरकार का जवाब

**नई दिल्ली,एजेंसी।**



केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि देश में यूरिया खाद की कोई किल्लत नहीं है। कुछ लोग मुनाफाखोरी के लिए इसके दामों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। नड्डा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और राज्य सरकार को ऐसे तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि डीएपी वितरण में अनावश्यक बाधा डालने वाले तत्वों पर कार्रवाई करने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है और केंद्र उनके संपर्क में रहता है। केंद्रीय मंत्री शुक्रवार को लोकसभा में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। यूपी के धौरहरा से समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया के राज्य में यूरिया की किल्लत होने के दावे पर नड्डा ने कहा, यूरिया की कभी भी किल्लत नहीं रही। किल्लत पैदा की जाती है। कुछ लोग अनावश्यक तरीके से मुनाफा कमाने के लिए इस तरह की स्थिति पैदा करते हैं। उन्होंने सांसदों से भी अनुरोध किया कि इस स्थिति से निपटने में सहयोग करें। नड्डा ने जदयू सांसद लवली आनंद के एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि किसानों तक डीएपी उर्वरक की आपूर्ति समय पर करने के लिए एक तिथिवार, सप्ताह वार और क्षेत्रवार रणनीति बनाई जाती है। उन्होंने बताया कि देश में यूरिया के 45 किलोग्राम के बोरे का अधिकतम खुदरा मूल्य 266 रुपये है और उस पर सरकार 1,400 सब्सिडी दे रही है। वहीं 50 किलो का डीएपी का बोरा किसानों को 1,350 रुपये में दिया जाता है। इस पर भी सरकार 1,650 रुपये की सब्सिडी दे रही है। इन सभी को वापस बांग्लादेश भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इनमें 55 आईसीयू में हैं और 21 वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। कि उत?तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा स्थित एनएसडीसी इंटरनेशनल अकादमी विश्व स्तरीय कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक सुविधा मुहैया कराता है। यह अकादमी युवाओं को विदेशी भाषाओं में सशक्त बनाने और उन्हें अंतरराष्ट्रीय कैरियर के अवसरों के लिए तैयार करने के लिए है। इस अवसर पर जयंत चौधरी ने जर्मनी जाने वाले 11 उम्मीदवारों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने एनएसडीसी इंटरनेशनल एकेडमी का दौरा किया, छात्रों से उनकी जीवन और कराया।

# बांग्लादेशी नेताओं की बयानबाजी पर बांग्लादेश के कार्यवाहक उच्चायुक्त तलब



**नई दिल्ली, एजेंसी।।**

विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के कार्यवाहक उच्चायुक्त मोहम्मद नूरल इस्लाम को विदेश मंत्रालय ने साउथ ब्लॉक में तलब किया और बांग्लादेश के नेताओं की ओर से आ रहे भारत विरोधी बयानों पर नाराजगी जताई। भारत ने कहा कि ये बयान वास्तव में लगातार नकारात्मकता के लिए जिम्मेदार हैं। भारत ने यह भी कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के हवाले से की जा रही टिप्पणियां उनकी व्यक्तिगत हैं और इसमें भारत की कोई भूमिका नहीं है। इसे भारत सरकार के रुख से जोड़कर देखने से भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मकता नहीं आएगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणवीर जायसवाल ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा है कि कार्यवाहक उच्चायुक्त को यह बताया गया कि भारत-बांग्लादेश के साथ सकारात्मक, रचनात्मक और पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध चाहता है, जिसे हाल की उच्च-स्तरीय बैठकों में कई बार दोहराया गया है। हालाँकि, यह खेदजनक है कि बांग्लादेश के अधिकारियों द्वारा दिए गए नियमित बयानों में भारत को नकारात्मक रूप से चित्रित किया जाता है। हमें आंतरिक व्यवस्था के मुद्दों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। भारत ने उम्मीद जताई है कि भारत सरकार पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध बनाने के लिए प्रयास करेगी। हम उम्मीद करते हैं कि बांग्लादेश भी माहौल को खराब किए बिना इसी तरह का प्रयास करेगा।

# थाना समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने सुनी जनसमस्याएं.गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश



**अमेठी**।शासन के निर्देश पर जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के द्वितीय शनिवार को जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने रामगंज थाने में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर जनसमस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

मिली जानकारी के मुताबिक,थाना समाधान पर जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी राजस्व निरीक्षक व लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए।डीएम ने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नाली,चकमार्ग पर कब्जे,सरकारी भूमि पर कब्जे, तालाबों पर कब्जे,अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए तथा जहां पर पुलिस बल की आवश्यकता हो वहां पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर शिकायत का निस्तारण किया जाए।

उन्होंने कहा कि यदि किसी भी लेखपाल तथा कानूनगो के क्षेत्र में कोई भी शिकायत लंबित पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।थाना दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# चेंबूर में 7 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार, सभी को भेजा जायेगा स्वदेश

**मुंबइ, एजेंसी।**

चेंबूर के माहुल गांव में पुलिस ने छापा मारकर 7 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें 3 पुरुष और 4 महिलाएं हैं और इन सभी की उम्र 25 से 35 वर्ष के बीच है। आरसीएफ पुलिस स्टेशन की टीम इन सबसे पूछताछ कर रही है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि आरसीएफ पुलिस स्टेशन की टीम को गोपनीय खबर मिली थी कि माहुल गांव में कई बांग्लादेशी नागरिक छिपकर रह रहे हैं। इसके बाद पुलिस की टीम कई दिनों से माहुल गांव में निगरानी कर रही थी। शुक्रवार को इन सभी को माहुल गांव से हिरासत में लेकर आरसीएफ पुलिस स्टेशन में लाया गया। इन सभी के पास भारत में रहने का कोई सबूत न मिलने पर पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया है। अब तक की छानबीन में पता चला है कि ये सभी मार्च, 2020 से माहुल गांव में एक साथ रह रहे थे। इनकी पहचान सोहाग अशीर मुल्ला (26), जाहिदुल इस्लाम एमुल (26), अलामीन शेख (23), सुमा जहीगीर आलम (24), नोआम अफजल हुसैन शेख (25 वर्ष), तौमीना अख्तर राजू (35) और सलमा मुकसाद अली (35) के रूप में की गई है।

# अमेरिका से लौटे लोगों की जांच के लिए बनी कमेटी, एजेंट का दफ्तर सील

**चंडीगढ़, एजेंसी।**

पंजाब पुलिस ने अमेरिका से डिपोर्ट किए गए लोगों की रिपोर्ट तैयार करने के लिए चार अधिकारियों की कमेटी का गठन किया गया है। पंजाब पुलिस महानिदेश गौरव यादव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कमेटी की अध्यक्षता एडीजीपी एनआरआई प्रवीन सिन्हा करेंगे, जबकि एडीजीपी इंटरनल सिक्योरिटी शिव वर्मा, आईजीपी/प्रोविजनिंग भूपिंदर सिंह व डीआईजी बॉर्डर रेंज सतिंदर सिंह कमेटी के सदस्य बनाए गए हैं। कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर अवैध मानव तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डीजीपी ने इस कमेटी को अधिकार दिया है कि वह इस मामले की जांच के लिए किसी भी अन्य अधिकारी को शामिल कर सकती है। यह कमेटी एसएसपी व पुलिस कमिश्नरों के साथ तालमेल बनाकर रखेगी। प्रदेश के सभी अधिकारियों को कमेटी को जरूरी सहायता व बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाने के आदेश दिए गए हैं। अमेरिका से डिपोर्ट हुए 31 लोगों के केसों में पता चला है कि उन्हें डंकी रूट से भेजा गया था। इसके एवज में उनसे लाखों रुपये लिए गए थे। अब जहां से भी पुलिस को शिकायत आ रही है, वहां पर कार्रवाई की जाएगी। इस तरह एक केस अमृतसर में दर्ज हुआ है। साथ ही इमिग्रेशन एजेंट का दफ्तर सील कर दिया गया है। मंत्री कुलदीप धालीवाल बोले- सीएम के साथ बैठक में उठाएंगे पुनर्वास का मुद्दा

इस बीच पंजाब के एनआरआई मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि 10 फरवरी को मंत्रिमंडल की बैठक होने जा रही है, जिसमें इन युवाओं के पुनर्वास के संबंध में मुख्यमंत्री से बात की जाएगी। अंधेरी में रहने वाले जीबीएस पीड़ित को बुखार और दस्त की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जांच के बाद वह जीबीएस पीड़ित पाया गया है ।अंधेरी इलाके में जीबीएस मरीज मिलने बाद भाजपा विधायक मुरजी पटेल ने सेवन हिल अस्पताल का दौरा किया और अस्पताल में करीब 50 बेड जीबीएस के लिए आरक्षित रखने का निर्देश दिया है। साथ ही जीबीएस पीड़ित का इलाज महात्मा फुले स्वास्थ्य योजना के फंड से करने का भी निर्देश दिया है। राज्य में शुक्रवार तक छह जीबीएस पीड़ितों की मौत हो चुकी है और 173 जीबीएस पीड़ितों का इलाज पुणे सहित राज्य के कई अस्पतालों में चल रहा है।

# मुंबई में जीबीएस का पहला मरीज मिलने से सनसनी

**मुंबई, एजेंसी।**

मुंबई के अंधेरी में गिलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) का पहला मरीज मिलने से सनसनी फैल गई है। जीबीएस पीड़ित 64 वर्षीय महिला का इलाज सेवन हिल्स अस्पताल के आईसीयू में चल रहा है। मुंबई नगर निगम के आयुक्त और प्रशासक भूषण गगरानी ने ` बताया कि मरीज का इलाज बीएमसी संचालित अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में इलाज चल रहा है।

# राज्यपाल बिना राय बताए विधेयकों को नहीं रोक सकते, अदालत ने कहा- इससे गतिरोध पैदा हो सकता है

**नई दिल्ली,एजेंसी।**



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अगर राज्यपाल राज्य सरकार को कोई सूचना दिए बिना विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों पर अपनी सहमति नहीं देते हैं तो इससे गतिरोध पैदा हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने आश्चर्य जताया कि यह गतिरोध कैसे दूर होगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु सरकार द्वारा दायर दो याचिकाओं पर सुनवाई करने के दौरान की, जिसमें विधानमंडल द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने से इनकार करने पर राज्य विधानसभा और राज्यपाल के बीच लंबे समय से टकराव चल रहा है। इस मामले में अगली सुनवाई 10 फरवरी को होगी।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को केंद्रीय कानून से असहमति होने पर भी विधेयकों पर अपनी राय देने में देरी नहीं करनी चाहिए। पीठ ने राज्यपाल का प्रतिनिधित्व कर रहे अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से सवाल किया कि जब राज्यपाल को किसी विधेयक में असहमति है, तो क्या उन्हें इसे राज्य सरकार के संज्ञान में नहीं लाना चाहिए?पीठ ने आगे कहा कि यदि राज्यपाल को विरोध की बात परेशान कर रही है, तो राज्यपाल को इसे तुरंत सरकार के संज्ञान में लाना चाहिए था, जो उक्त विधेयकों पर पुनर्विचार कर सकती थी। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि राज्यपाल को यह स्पष्ट करना चाहिए था कि वह विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए क्यों भेज रहे हैं।

**पीठ ने यह की टिप्पणी :** पीठ ने टिप्पणी की, यदि आपका मानना है कि यह विधेयक केंद्रीय कानून के विरोध से ग्रस्त है, तो आपको संदेश देना होगा। राज्यपाल को स्पष्ट करना होगा कि वह विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए क्यों भेज रहे हैं। अन्यथा, गतिरोध पैदा होगा। आप राज्य सरकार से विरोध को दूर करने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? यदि आप गतिरोध पैदा करते हैं, तो आपको गतिरोध को दूर करना होगा। लेकिन, गतिरोध को कौन दूर करेगा? पूर्ण गतिरोध नहीं हो सकता। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि सात विधेयकों पर राष्ट्रपति ने मंजूरी रोक ली थी और राज्य सरकार को निर्णय के बारे में सूचित किया गया था। उन्होंने कहा कि यदि राष्ट्रपति ने मंजूरी को रोकने का निर्णय लिया है, तो इसका मतलब है कि विधेयक स्वीकार नहीं किए गए हैं। हालांकि, पीठ ने कहा कि यह प्रावधानों की सही व्याख्या नहीं हो सकती है, क्योंकि तर्क को स्वीकार करने से अनुच्छेद 200 और 201 के तहत प्रावधान निरर्थक हो जाएंगे।

# महिला आरक्षियों को एसपी ने किया पुरस्कृत,पढ़े किस उपलब्धि के लिए मिला ये पुरस्कार.

**अमेठी**।मिशन शक्ति एवं एन्टीरोमियों अभियान में जिले के अलग - अलग थानों में नियुक्त महिला आरक्षियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में जाकर एन्टीरोमियों अभियान के तहत अत्यन्त लगन व मेहनत के साथ मनचलों व शोहदो को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया व अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करायी,जिससे छात्राओं में सुरक्षा व पुलिस के प्रति विश्वास का भाव उत्पन्न हो रहा है ।

एन्टीरोमियों के तहत सराहनीय कार्य करने वाली आठ महिला आरक्षी में हेड कांस्टेबल सविता देवी व सुरेखा देवी,और महिला कांस्टेबल राधा चौहान,सीमा भदौरिया,सोनी यादव,रविता यादव व सुनीता चौहान और रितिका यादव को शुक्रवार पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा उत्साहवर्धन व भविष्य मे और मेहनत व लगन के साथ कार्य करने हेतु नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया।पुरस्कृत की गई महिला आरक्षियों ने उप्र सरकार की मंशानुसार जिले में मिशन शक्ति व एन्टीरोमियों अभियान के तहत नारी सुरक्षा व स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से अपने-अपने थानाक्षेत्र के विद्यालयों के आस पास विद्यालय के खुलने व बंद होने के समय सक्रिय रह कर मनचलों एवं शोहदो को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराते हुए विधिक कार्यवाही करायी।साथ साथ छात्राओं को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं,1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन एवं थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के विषय में तथा साइबर अपराध एवं उससे बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है ।

# ईको क्लब से पर्यावरण बचाने का संदेश दे रहे बच्चे

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

**उत्क्रमित मध्य विद्यालय तीसरी खुट बरौनी 3 में गठित इको क्लब के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता के लिए पौधारोपण पर जोर दिया जा रहा है। बच्चे माता-पिता और गांव वालों को भी प्रेरित कर रहे हैं।**




तेघड़ा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय तीसरी खूंट बरौनी 3 में क्लब के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने पर जोर दिया जा रहा है। उधर, बच्चे माता-पिता के साथ गांव वालों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित कर रहे हैं। विद्यालय में सामाजिक सरोकारों के साथ छात्र छात्राओं को जोड़ने की मुहिम चलाई जा रही है, ताकि छात्र पढ़ाई के साथ ही सामाजिक मामलों में भी जागरूक हों और दूसरों को भी जागरूक करें। इन दिनों जो प्रमुख मुद्दे हें उनमें पर्यावरण संरक्षण की बात प्रमुखता से की जा रही है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी है। इस संबंध में ईको क्लब्स फॉर मिशन लाइफ की स्थापना की गई है। सभी छात्र पौधारोपण कर रहे हें। यह जरूरी नहीं है कि वे विद्यालय में ही पौधे लगाएं, उनके घर या खेत में ज्यादा जगह है तो वहां यह छात्र पौधे लगाएंगे। इसके साथ ही जैव विविधता के बारे में भी छात्रों को बताया जाएगा और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे मामलों में भी जानकारी देकर जागरूक किए जाने की योजना इस अभियान में बनाई गई है। इसके साथ ही कौशल विकास को लेकर भी कार्य किए जाएंगे। पंचायत के मुखिया अमलेश कुमार राय एवं प्रधानाध्यापक राजेश कुमार केसरी ने बताया कि निर्देश के आलोक में ईको क्लब का गठन के उपरांत क्लब ने अपना काम काज भी शुरू कर दिया है। विद्यालय में पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया है जो पूरे साल चलेगा।

# बेगुसराय में एनसीसी कैडेट्स ने निकाली फैलेरिया जागरूकता रैली

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर



**बेगुसराय:** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट्स ने आज बेगुसराय में फैलेरिया के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली। रैली जीडी कॉलेज से शुरू हुई और मेन रोड होते हुए सदर अस्पताल तक गई।

रैली का उद्देश्य लोगों को फैलेरिया बीमारी के बारे में जागरूक करना और उन्हें इस बीमारी से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी देना था। रैली में शामिल कैडेट्स ने फैलेरिया के खिलाफ नारे लगाए और लोगों को इस बीमारी के बारे में पर्चे और जानकारी दी।

रैली में कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए, जिनमें लेफ्टिनेंट डॉक्टर अजित कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर सहर अफरोज, सेहत केंद्र पियर एजुकेटर सुमित कुमार, डीपीएम नसीम रजी, जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार कुश कुमार, विवेक विकलांग सह जन उत्थान संस्थान के सचिव मनोज कुमार, साइंस फॉर सोशियो इकोनॉमी & डेवलपमेंट के सचिव निरंजन सिन्हा, ब्लू क्रॉस बहुउद्देश्य सोसाइटी के सचिव प्रमोद कुमार झा, और पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीडर दीपक मिश्रा, मो. आरिफ, गांधी फेलो अर्पित पाल,उत्कर्ष कटियार और पीओ सीडी ऐश्वर्य कुमार शामिल थे। सभी वक्ताओं ने फैलेरिया को एक गंभीर बीमारी बताते हुए लोगों से इससे बचाव के लिए जागरूक रहने की अपील की।

उन्होंने कहा कि फैलेरिया से बचाव के लिए मच्छरों को नियंत्रित करना और साफ-सफाई रखना जरूरी है।

यह रैली फैलेरिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को इस बीमारी से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था।

# राष्ट्रीय जनता दल की एकदिवसीय बैठक में सदस्यता अभियान की शुरूआत

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर




बछवाड़ा प्रखंड अंतर्गत आर्मी हेल्थ क्लब के प्रांगण में प्रखंड राष्ट्रीय जनता दल का एक दिवसीय बैठक आयोजित की गई। बैठक के अवसर पर सदस्यता अभियान की शुरूआत भी की गई। अध्यक्षता अखंड अध्यक्ष सुनील यादव ने किया। मुख्य अतिथि राजद जिला अध्यक्ष मोहित यादव के उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक मे सभी पंचायत, प्रखंड कार्यकारिणी एवं जिला पार्टी के पदाधिकारी, पार्टी के शुभचिंतकों ने भाग लिए, सभी उपस्थित लोगों ने राज्य पार्टी के निर्देश के आलोक में सभी बूथों पर सदस्यता अभियान पर गति देने पर बल दिए, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजद जिला अध्यक्ष मोहित यादव ने कहा कार्यकताओं के बल पर दल का संगठन मजबूत और धारदार होता है। पार्टी का रीड है । हम राजद परिवार सौभाग्यशाली हें।हमारा नेतृत्व कर्ता युवा है और हमारा नेता जो वादा करता है उसे निभाता भी है हमारा नेता का वादा है 2025 में बिहार में राष्ट्रीय जनता दल की सरकार बनेगी तो सभी माताओं वहनों को माई वहिन मान योजना के तहद प्रतिमाह ?2500 मिलेगा 200 यूनिट बिजली फ्री राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन सामाजिक सुरक्षा पेंशन को बढ़ाकर ?1500 प्रतिमा दिया जाएगा खाद्यान्न योजना के तहत मिलने वाले 5 किलो राशन को बढ़कर 10 किलो दिया जाएगा ?500 में गैस सिलेंडर दिया जाएगा बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिया जाएगा कार्यक्रम को संबोधित करने वाले में जिला प्रवक्ता श्याम प्रसाद दास,राज्य परिषद सदस्य मोहम्मद जाहिद अफसर,पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव विष्णु देव सहनी,प्रभात सिंह मुखिया, युवा राजद प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार रुपेश, युवा राजद जिला उपाध्यक्ष राम उदित यादव, जिला महासचिव अरूण यादव, वही कार्यक्रम में उपस्थित बलराम निषाद, राजेश पंडित, भोला दास, विश्वनाथ सिंह,मनोज यादव, राजेंद्र राम,बिंदेश्वरी यादव, उमेश यादव, उपेंद्र पासवान, विजय दास,रामेश्वरी साह, रामविलास ठाकुर।इत्यादि दर्जनों साथी उपस्थित थे।

# फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन ने 8 सूत्री मांगों का ज्ञापन तेघड़ा विधायक को सौंपा

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर



फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के बैनर तले डीलरों ने 8 फरवरी शनिवार को अपनी आठ सूत्री मांगों का ज्ञापन विधानसभा क्षेत्र तेघड़ा के विधायक राम रतन सिंह को बिहट अवस्थित आवास पर संगठन के पदाधिकारीयों ने सौंपा। साथ ही डीलरों ने कहा कि पटना के गर्दनीबाग में हमारे बुजुर्ग डीलर अंबिका यादव पिछले 20 जनवरी से आमरण अनशन पर बैठे हें । लेकिन सरकार की ओर से अब तक उनसे वार्ता करने के लिए नहीं पहुंचे हें। जो काफी निंदनीय है। संगठन के जिला अध्यक्ष गंगाधर झा, जिला संयुक्त सचिव विकास कुमार, बरौनी प्रखंड सचिव अनिल कुमार एवं प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि हम सभी डीलर अंबिका यादव के समर्थन और उनके प्रदर्शन को मजबूत करने को लेकर एक फरवरी से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हें । जब तक हमारी मांगों को लेकर कोई सकारात्मक पहल नहीं की जाती है। तब तक हमारा हड़ताल यूं ही जारी रहेगा। तेघड़ा विधायक राम रतन सिंहने ने डीलरों से बात करते हुए कहा कि जन वितरण विक्रेताओं की मांग जायज है उन्होंने सभी डीलरों को आश्वस्त किया कि जहां तक हो सकेगा आपकी मांगों को विधानसभा में जोरदार तरीके से उठाया जाएगा। और सरकार को आपके इन आवश्यक मांगों पर विचार करवाने हेतु सकारात्मक निर्णय लेने के प्रति मजबूर किया जाएगा । प्रखंड उपाध्यक्ष सोनू कुमार ,कोषाध्यक्ष राजकुमार पासवान , संगठन के मंत्री दिलीप कुमार ,मीडिया प्रभारी सरोज कुमार ने कहा कि जन वितरण विक्रेता बार-बार धरना प्रदर्शन कर रहे हें । लेकिन अभी तक सरकार मांग को पूरा नहीं कर रही है । विक्रेता भुखमरी की कगार पर हें। पैसा के अभाव में बच्चों की पढ़ाई तथा बीमारी की दवाई बाधित हो रही है । इस मौके पर संगठन के चंदन कुमार, राजू कुमार ,मिथुन कुमार ,सुरेश कुमार सहित भारी संख्या में जन वितरण विक्रेता उपस्थित थे।

# डॉक्टर जाकिर हुसैन की 177वीं जयंती मनाई गई

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर



डॉ जाकिर हुसैन की 177 सी जयंती के अवसर पर शाहिद सुखदेव सिंह समन्वय समिति कार्यालय सुखदेव सभागार में एक सादा समारोह में उनको याद किया गया इस अवसर पर नगर निगम के पूर्व मेयर आलोक कुमार अग्रवाल, इंजीनियर आलोक कुमार , अमर कुमार, खुशी सिंह , एवं राजेंद्र महतो जेपी सेनानी के जिला अध्यक्ष, सुनीता देवी महिला सेल सचिव, जेपी सेनानी के जिला सचिव अनेक गनमान व्यक्तियों ने भारत के 5वीं में पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर जाकिर हुसैन की जयंती पर अपना विचार व्यक्त किया। अमरेंद्र कुमार सिंह जेपी सेनानी के प्रदेश अध्यक्ष संपूर्ण क्रांति मोर्चा वा शिक्षक नेता सही सुखदेव सिंह समाज समिति के संयोजक ने उनको याद किया। अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा क्या कि आज ही के दिन 8/2/1848 को जन्म हुआ और 3/5/1969 को मृत्यु हो गया। महान राष्ट्रपति जिन्होंने हिंदू मुस्लिम को एक कर समाज को आगे बढ़ाया और हमारे भारत को गुलामी से बचने के लिए अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते हुए हमारे देश के नेता साथ जिस देश की प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद हो प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू हो शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद हो गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल हो ऐसे नेताओं के साथ मिलकर देश आजादी में हम भूमिका निभाई जिनको हम शत-शत नमन करते हैं

# जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा शाम्हो प्रखंड अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रगति का स्थल निरीक्षण किया गया

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर



बेगूसराय के जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने शनिवार को शाम्हो प्रखंड अंतर्गत का संचालित विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया

निरीक्षण के क्रम मे विधायक मटिहानी , अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय सदर, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी सामहो, अंचलाधिकारी सामहो एवं अन्य प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित थे ।

जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा सामहो प्रखंड स्थित पंचायत अकबरपुर बरारी के जगनशेदपुर झगड़हा गांव में सड़क निर्माण का निरीक्षण किया गया।

सामहो प्रखंड स्थित पंचायत अकबरपुर बरारी के पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु चिन्हित भूमि का स्थल निरीक्षण किया गया।

सामहो प्रखंड अंतर्गत सामहो थाना भवन निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु स्थल निरीक्षण किया गया।

सामहो प्रखंड अंतर्गत सोनबरसा स्थित निर्मित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद् के पहुच पथ के निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया गया।

सामहो प्रखंड अंतर्गत सलाह सैदपुर बरारी दो पंचायत स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में निमार्णाधीन खेल मैदान के कार्य प्रगति का स्थल निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा गाव के स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आमजनों से मिलकर समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गई ।

# 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर निकली गई शोभा कलश यात्रा

राष्ट्र संवाद संवाददाता
पूजा सिंह



साहेबपुर कमाल प्रखंड के सनहा परोरा गांव में शनिवार को 9 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर गांजे बाजे के साथ शोभा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 108 कुंवारी कन्याओं ने भाग लिया। कलश यात्रा मां चंडिका स्थान मंदिर से निकल कर मोगलसराय पंचवीर परोरा सनहा का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्री राम जय श्री राम के जयकारे लगाते रहे। यज्ञ स्थल पर पंडित जी ने पूरे विधी विधान के साथ पूजन हवन के साथ 9 दिवसीय यज्ञ की शुरूआत कराई। कलश यात्रा में भाग ले रही श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसको लेकर पूरा ख्याल रखा जा रहा था। स्थानीय युवाओं के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए शरबत पानी व पेयजल की व्यवस्था की गई थी। यज्ञ के आयोजक समाजसेवी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि अयोध्या से आई सुप्रसिद्ध कथावाचिका पूज्या वंदना किशोरी जी के द्वारा 8 फरवरी से 16 फरवरी तक दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कही जाएगी। श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कृष्ण जन्मोत्सव कृष्ण बाल चरित्र कंश बध कृष्ण रुक्मिणी विवाह चरित्र की कथा होगी। जिसके भक्ति में श्रोता झूमेंगे। वहीं 17 फरवरी को हवन तथा यज्ञ समापन होगा। यज्ञ समापन पर प्रसाद वितरण तथा भंडारा का भी आयोजन किया जाएगा। यज्ञ के सफल संचालन के लिए समस्त परोरा ग्रामवासी मुस्तैद थी।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित अभियान के तहत 196 गर्भवती महिलाओ का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

प्रधानमंत्री सुरक्षित अभियान के तहत बछवाड़ा बेगूसराय प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत जांच शिविर का आयोजन किया गया। जांच शिविर के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार,डॉ प्रगति राज, डॉ नुजहत शबनम के द्वारा 196 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। स्वास्थ्य जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं का ब्लड प्रेशर,पल्स,वजन, शुगर ,यूरिन,एचआईवी, बीपी,एफएचएस, हिमोग्लोविन समेत विभिन्न प्रकार का जांच किया गया। जांच शिविर में चिकित्सक के द्वारा गर्भवती महिलाओं को प्रसव पुर्व होने वाले खतरो के लक्षण की विस्तृत जानकारी दी गई।उन्होने बताया कि सभी गर्भवती महिलाओ को गर्भावस्था के दौरान कम से कम तीन बार स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से कराना चाहिए। जिससे जच्चा एवं बच्चा दोनो स्वास्थ्य रहते है। साथ ही बच्चों के विकास व गतिविधियों का भी पता चलता है। उन्होने गर्भवती महिलाओं को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि गर्भ धारण के समय महिलाओं को आयरन की गोली के साथ-साथ कैल्शियम की गोली खाना बहुत जरूरी है। साथ ही गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार के संबंध में बताया कि गर्भावस्था में दौरान महिलाओं को विशेष रूप से दाल,हरी सब्जी,अंडा, गुर,नीबू,साग,चुड़ा,सोयाबिन,बदाम समेत अन्य पौष्टिक आहार लेना जरुरी है। साथ ही एक बच्चे से दुसरे बच्चे के बीच तीन वर्ष का अन्तर होना चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्थाई व अस्थाई दोनो तरह के परिवार नियोजन समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निः शुल्क उपलब्ध है। जरूरत के हिसाब से धात्री महिला अपना चयन कर सकती है। शिविर में मौजूद सभी गर्भवती महिलाओ के बीच मुफ्त दवा का वितरण किया गया।मौके पर बीसीएम प्रियंका कुमारी,एएनएम सपना कुमारी,अनुपम कुमारी,स्वाति कुमारी, एलटी राकेश कुमार, सत्यनारायण, वरुणेश कुमार, अंकित कुमार समेत आशा फैसिलेटर सोनी कुमारी,विभा कुमारी,नवीना कुमारी,विमला कुमारी,किरण कुमारी, इंदिरा कुमारी,मीरा कुमारी,बबीता कुमारी समेत आशा कर्मी व विभिन्न पंचायत से गर्भवती महिला मौजूद थी।

## सार-संक्षेप

### मारपीट को लेकर पीड़ित ने थाना में दिया आवेदन

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**मंसूरचक (बेगूसराय)** वार्ड सदस्य संजय कुमार राय के साथ मारपीट कर घायल कर देने का मामला सामने आया है।

समसा एक के वार्ड सदस्य ने मारपीट को लेकर थाना में आवेदन दिया है। उक्त आवेदन में संजय कुमार पिता धन्नू राय समसा निवासी ने कहा कि दिनांक 05.02.2025 समय लगभग रात के 8.30 बजे अपने घर के बगल में टहल रहे थे।उसी समय दिनेश महतों उम्र लगभग 35 वर्ष पिता भरत महतो, रमेश महतो उम्र 31 वर्ष पिता भरत महतो मुकेश कुमार उम्र 21 वर्ष पिता भरत महतो महेश कुमार पिता स्व.रामसकल महतो, सभी ग्राम वीरगंज पंचायत गणपतौल वार्ड संख्या 05 थाना मंसूरचक, जिला बेगूसराय एक साथ हथियार लेकर आया और मुझे गाली गलौज करने लगा।जिसका मैंने विरोध किया तो भरत महतो ने कहा कि साले को जान से मार दो। इस पर दिनेश कुमार अपने हाथ में रखें पिस्तौल के वट से जान से मारने की नियत से सड़ फार दिया। जहां हर खून से लथपथ हो गए। मेरे द्वारा हल्ला होने पर स्थानीय लोगों ने पीएचसी मंसूरचक में मुझे भर्ती करवाया। वहीं उन्होंने आवेदन में थानाध्यक्ष से उचित कार्रवाई की मांग किया है। थानाध्यक्ष रोहित कुमार गुप्ता ने बताया है कि मामला दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है। वहीं घटना से टोले में दहशत व्याप्त है।

### फफौत एवं बरियारपुर पश्चिमी में लगे राजस्व वसूली शिविर में ऑन स्पॉट हुआ समस्याओं का निपटारा



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**खोदावंदपुर,बेगूसराय।** जिला प्रशासन के निर्देश पर खोदावन्दपुर अंचल अधिकारी प्रीति कुमारी ने शनिवार को फफौत एवं बरियारपुर पश्चिमी राजस्व ग्राम में लगाये गये राजस्व वसूली शिविर में रैयतों की समस्याओं का ऑन स्पॉट निपटारा किया गया. जमाबंदी में मामूली गड़बड़ी का सुधार भी किया गया.इस शिविर के आयोजन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए प्रभारी राजस्व अधिकारी मोहम्मद जावेद ने बताया कि इस कार्यक्रम में आधार सिंडिंग भी किया जा रहा है और बकायी राजस्व की वसूली भी की जा रही है. इसके अलावे जमाबन्दी की त्रुटियों में भी सुधार किया जा रहा है. इस शिविर के आयोजन से लोगों में खुशी देखी जा रही है. मौके पर राजस्व कर्मचारी पवन कुमार, कुमार विक्की, कार्यपालक सहायक रंजीत कुमार, बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के प्रभारी मुखिया राकेश रामचंद महतो, विकास मित्र रानी कुमारी, भूस्वामी अर्जुन कुमार, राजेश कुमार, मोहम्मद फरीद, एहतेशाम आजाद, दशरथ कुमार, गौड़ी पासवान सहित अनेक लोग मौजूद थे.

### गलत रूप से कायम जमाबन्दी को निरस्त करने का निवेदन

राष्ट्रवाद संवाददाता

**खोदावंदपुर/बेगूसराय।** पूर्व राजस्व कर्मचारी द्वारा गलत रूप से कायम की गयी जमाबंदी को निरस्त कर इसमें सुधार के लिये अग्रतर कार्रवाई करने का अनुरोध अपर समाहर्ता से खोदावंदपुर अंचल अधिकारी ने किया है. सीओ द्वारा अपर समाहर्ता को भेजे गये पत्र में बताया गया है कि बरियारपुर मौजा में पूर्व राजस्व कर्मचारी घनश्याम हेम्ब्रम द्वारा जमाबन्दी नंबर- 2072 एवं 5946 में छेड़छाड़ कर जमाबन्दी में अंकित जमीन का रकबा 6 कट्ठा 9 धुर जमीन को ह्वाइटनर से मिटाकर 15 बीघा 18 कट्ठा 10 धुर कर दिया गया.इतना ही नहीं इन जमाबन्दियों में असली रैयत का नाम मिटा दिया गया और दूसरे का नाम अंकित कर दिया गया. जमाबन्दी नंबर 2072 में रैयत सुदामा देवी के नाम की जगह राम उदगार महतो व राम बिहारी कर दिया गया. जमाबन्दी नंबर 5946 में भी छेड़छाड़ कर रैयत के नाम पर मकेश्वर महतो, पिता स्व. ठककन महतो कर दिया गया. अंचल अधिकारी ने बताया है कि असली रैयत बरियारपुर मौजा के रहने वाले बाबू प्रसाद वर्मा के वंशज का कब्जा अभी भी इस जमीन पर है. साथ ही जमीन संबंधित सभी कागजात भी जमीन के असली रैयत के पास ही है.

### पूर्णिया में मिठाई और पटाखों के साथ दिल्ली विधानसभा जीत का जश्न

**पूर्णिया,।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) की ऐतिहासिक जीत के बाद पार्टी कार्यकताओं ने आज शाम 5:30 बजे आर एन साह चौक पर भव्य जश्न मनाया। इस अवसर पर मिठाई बांटी गई और ढोल नगाड़े, पटाखों के साथ भाजपा कार्यकताओं ने अपनी सफलता का उल्लासपूर्ण जश्न मनाया। पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज सिंह ने कार्यक्रम में सभी कार्यकताओं की उपस्थिति सुनिश्चित की थी।

जश्न के इस मौके पर पार्टी के कई प्रमुख नेता भी शामिल हुए, जिनमें निर्वतमान जिलाध्यक्ष राकेश कुमार, प्रफुल्ल रंजन वर्मा, राजेश रंजन, डाक्टर ए के गुप्ता अरुण रॉय सिंह पुलक, डॉक्टर संजीव, किशोर जायसवाल, सचिन रॉय, सरिता रॉय, अनीता सिंह, नूतन गुप्ता, तौफिक आलम सहित सैकड़ो भाजपा के लोग शामिल थे।

### भाजपा की प्रचंड जीत पर फारबिसगंज में भाजपा कार्यकताओं ने जमकर जश्न मनाया



**फारबिसगंज/अररिया।** दिल्ली में 27 सालों के बाद कमल खिलने पर भाजपा कार्यकताओं ने फारबिसगंज में जमकर जश्न मनाया। वही कार्यकताओं ने दिल्ली की जीत पर होली और दीपावली एक साथ मनाया, जहां भाजपा कार्यकताओं ने एक-दूसरे को अबीर और गुलाल चेहरे पर लगाकर जीत की बधाई दी और जीत के जश्न में जमकर पटाखे फोड़े गए।

मौके पर फारबिसगंज भाजपा के नगर अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद उर्फ मिंटू,शंभु प्रसाद साह, भाजपा युवा नेता अविनाश कन्नौजिया अंशु, रजत सिंह, धीरज पासवान, नूतन भरती, बुल बुल यादव , शिवानी सिंह,वीना देवी, चांदनी सिंह, राजन तिवारी,प्रेम केसरी, कुमार आयुष, अमित सिंह, दिलीप पटेल, करण सिंह भूमिहार समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

युवा नेता अविनाश कन्नौजिया अंशु ने कहा कि रेवड़ियां बांटकर नहीं बल्कि विकास के नाम पर जनता वोट देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में किए गए उल्लखेनीय कार्यों को देखकर दिल्ली की जनता ने अपना जनमत विकास को दिया है और आस्था व्यक्त की है। फारबिसगंज भाजपा नगर अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली की चुनाव तो झांकी है, बिहार अभी बाकी है। वही, शंभु प्रसाद साह ने कहा की बिहार में भी एनडीए के भारी जनाधार के साथ आगामी विधानसभा चुनाव में जीत होगी।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

